

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

जयपुर, 3 जुलाई - 9 जुलाई, 2024

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वादशी, संवत 2081 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-10, अंक-19, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-





## जागरूक खबरें

### आषाढ़ के गुप्त नवरात्र 6 से, 15 को समापन

» जागरूक जनता @ जयपुर। पंचांग के अनुसार साल में चार नवरात्रि आती हैं। जिसमें दो गुप्त नवरात्र भी शामिल हैं।इस बार आषाढ़ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा शनिवार (06 जुलाई) से गुप्त नवरात्र प्रारंभ होंगे जिनका समापन 15 जुलाई सोमवार भड़ल्या नवमी को होगा। इस गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा अश्व पर सवार होकर आएं गी। गुप्त नवरात्र तंत्र साधना के लिए जाने जाते हैं। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि गुप्त नवरात्र में नौ महाविद्याओं मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, मां बगलामुखी, मातंगी देवी की साधना की जाती है। नौ दिनों तक मां आदि शक्ति की विधि विधान से पूजा की जाती है। शनिवार को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 7:15 बजेसे 8:55 बजे तक, इसके बाद दोपहर 12:25 बजे से शाम के 5:35 बजे तक है। भड़ल्या नवमी पर गुप्त नवरात्रि समाप्त होते हैं। गुप्त नवरात्र में आने वाली भड़ल्या नवमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता हैं। भड़ल्या नवमी के दिन मुंडन संस्कार, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य किए जाते हैं। 17 जुलाई बुधवार देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा।

### खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का चार दिवस का व्यापार बंद वापिस

» जागरूक जनता @ जयपुर। राज्य सरकार ने 1 जुलाई से एक प्रतिशत कृषक कल्याण फीस लगा दी थी, इसके विरोध में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की कोर कमेटी को 2 से 5 जुलाई का व्यापार बंद करने का निर्णय लेना पड़ा। राज्य सरकार ने आनन-फानन में 2 जुलाई की सुबह 6 बजे राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ को आदेश भिजवायें। राज्य सरकार से प्राप्त आदेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत कृषक कल्याण फीस 31-08-2024 तक प्रभावी रहेगी; को देखते हुए राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने 2 से 5 जुलाई का मण्डियों के व्यापार बंद की घोषणा वापिस ले ली। मण्डियों के साथ आज फोन पर हुई वृहत वार्ता के बाद तय किया गया है कि 24 अगस्त तक राज्य सरकार कृषक कल्याण फीस समाप्त करने के आदेश जारी करें; नहीं तो 25 अगस्त को राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की कार्यकारिणी की बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जायेगी।

**# Manglik Kary : शुक्रोदय, गूजेंगी शहनाईयां, 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी, चार माह मांगलिक कार्यों पर लगेगी रोक**

# दो माह से मांगलिक कार्यों पर लगी रोक हटी, गूंजेंगी शहनाई

### जुलाई माह में 8 विवाह के शुभ मुहुर्त, 15 को भड़ली नवमी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मई-जून माह में गुरु व शुक्र ग्रह के अस्त होने से विवाह समारोह पर लगी रोक जुलाई में खत्म हो जाएगी। गुरु ग्रह 3 जून को उदय और शुक्र ग्रह 29 जून को उदय हो चुका है। हालांकि इस बार जुलाई माह में विवाह के केवल 7 मुहूर्त ही हैं। इनमें से सबसे खास मुहूर्त 9,11 और 15 जुलाई के हैं। 15 जुलाई को भड़ली नवमी है। इसके बाद गुरु पूर्णिमा से चातुर्मास शुरू हो जाएगा और देवशयनी एकादशी से शादी, विवाह सहित सभी शुभ कार्य बंद हो जाएंगे। ऐसे में जिन परिवारों में शादियां हैं वे तैयारी में जुट गए हैं। गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो गया। गुरु ग्रह का उदय और शुक्रोदय भी हो गया। शुक्रोदय होने के बाद शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी, विवाह नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन जैसे मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएगी। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि शुक्र उदय के बाद जुलाई में 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई तक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

### 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 17 जुलाई से चातुर्मास शुरू हो जाएंगे। इसलिए 9 से 15 जुलाई के बीच ही मांगलिक कार्यक्रम के लिए शुभ मुहूर्त हैं। क्योंकि 15 जुलाई को भड़ली नवमी है और 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। शास्त्रों में कहा गया है कि देवशयनी एकादशी के दिन से 4 महीने के लिए भगवान विष्णु के साथ-साथ देवी,देवता विश्राम के लिए चले जाते हैं। हिंदू धर्म में इन 4 महीनों को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। यह 4 महीने सावन, भाद्रपद, अश्विन और कार्तिक मास है। इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्यक्रम नहीं होते।

### विवाह के लिए गुरु, शुक्रोदय जरूरी

**ज्योतिषाचार्य** शास्त्री के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्रतारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु ग्रह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये सभी मांगलिक कार्य नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुर ग्रह 29 अप्रेल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होने से शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 9 जुलाई से विवाह आरभ हो जाएंगे।

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिखाई टोंक रोड मेट्रो रूट पर रुचि**

# राजधानी में बढ़ेगा मेट्रो रूट

## मानसरोवर से टोंक रोड, सीतापुरा से सीकर रोड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आने वाले कुछ वर्षों में जयपुर में मेट्रो ट्रेन का नक्शा बदला हुआ नजर आएगा। फेज-02 का काम शुरू होगा और इसके बाद कुछ नए रूट भी धरातल पर आएंगे। फेज-02 (सीतापुरा से सीकर रोड तक) के साथ-साथ मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से टोंक रोड पर भी मेट्रो चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह फेज 10 से 11 किमी लंबा होगा। मेट्रो अधिकारी फेज-02 के साथ-साथ इस नए रूट की भी डीपीआर बनवाएंगे। मेट्रो अधिकारियों की मानें तो जल्द ही डीपीआर के साथ-साथ ट्रैफिक स्टडी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बीते दिनों मानसरोवर के कुछ पार्षदों और विकास समितियों के पदाधिकारियों ने न्यू सांगानेर रोड होते हुए सांगानेर तक मेट्रो चलाने की बात सीएम भजनलाल शर्मा तक पहुंचाई है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने इस रूट में रुचि दिखाई है। क्योंकि इस रूट के दोनों ओर घनी आबादी है और पूरा रूट भी एलिवेटेड होने की वजह से खर्चा भी कम होगा।

### धीरे-धीरे बढ़ रहा ट्रैफिक

**फेज-1ए :** मेट्रो मानसरोवर से चांदपोल तक चली। 9.1 किमी में चलने वाली मेट्रो में 18 हजार यात्री प्रतिदिन सफर करते थे।

**फेज-1बी :** चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक संचालन हुआ। इससे यात्री भार बढ़ा। अब प्रतिदिन का यात्री भार बढ़कर 50 हजार के पार हो चुका है।

### इसका चल रहा काम

**फेज-1सी :** (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक) इस रूट पर काम चल रहा है। 2.85 किलोमीटर का रूट निर्धारित है।

**फेज-1डी :** (मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से 200 फीट बाइपास तक) का भी काम शुरू हो गया है। 1.35 किमी का यह रूट पूरा एलिवेटेड होगा।

### करीब 30 किमी का होगा फेज-2

फेज-2 (अबाबाड़ी से सीकर रोड तक) करीब 30 किलोमीटर का रूट होने का अनुमान है। इसके निर्माण में 5860 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले यह रूट अबाबाड़ी तक था, लेकिन अब इसको बीआरटीएस कॉरिडोर होते हुए सीकर रोड तक ले जाने की योजना है। इससे सीकर रोड के दोनों ओर रहने वाले लोगों की आवाजाही सुगम होगी। पहले इस रूट की लबाई (सीतापुरा से अबाबाड़ी तक) 23 किलोमीटर थी और लागत 4600 करोड़ रुपए थी।

### लोगों को नहीं मिल रहा फायदा

भले ही मेट्रो स्टेशन का नाम मानसरोवर है, लेकिन मानसरोवर में रहने वाले लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। यही वजह है कि राज्य में सरकार बदलने के बाद न्यू सांगानेर रोड पर भी मेट्रो के लिए प्रयास शुरू हो गए। इस रूट पर मेट्रो के आने से मानसरोवर का बड़ा हिस्सा जुड़ जाएगा। वहीं, पृथ्वीराज नगर-दक्षिण में भी तेजी से आबादी बढ़ रही है। भविष्य में वहां के लोगों को मेट्रो ट्रेन के आने से राहत मिलेगी।

### पुराने मेट्रो ट्रैक को भी बढ़ाया, निर्माण काम जारी

इस दूरी में दो मेट्रो स्टेशन बनेंगे। पहला स्टेशन रामगंज तो दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर होगा। 2.85 किमी की दूरी में 0.59 किमी का ट्रैक एलिवेटेड होगा, जबकि 2.26 किमी में ट्रैक अंडरग्राउंड रहेगा। इसमें बड़ी चौपड़ से अनाज मंडी तक अंडरग्राउंड ट्रैक रहेगा।



**उप मुख्यमंत्री ने की पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा**

# सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करवाएं-दीया कुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लाईबलिटी पीरियड में यदि निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता सम्बंधित शिकायत मिलती है तो सम्बंधित ठेकेदार से उसको तत्काल ठीक करवाया जाए। उन्होंनें कहा कि कई बार ऐसी शिकायते मिलती है कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे,स्टेट हाईवे, एमडीआर, ग्रामीण सड़कों, अन्य सड़कों सहित विभिन्न निर्माणाधीन पूलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर एनएचएआई के अधिकारियो के साथ समन्वय कर उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं सहित अन्य घोषणाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडूब्लूडी सहित विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

### बरसात के मौसम में अलर्ट रहने के

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। यदि कहीं जलभराव एवं सड़क कटने की शिकायत मिलती है या स्थानीय अधिकारियों को ऐसा अंदेशा है तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे फील्ड के अधिकारियों के माध्यम से अपने क्षेत्रों कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की 31 जुलाई तक बढ़ी समय सीमा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने को लेकर वाहन मालिक जागरूक नजर नहीं आ रहे हैं। छह महीने का समय दिए जाने के बाद भी लाखों वाहनों की नंबर प्लेट बदलाई नहीं गई है। दिसंबर 2023 से जून 2024 तक राज्य में महज 3.33 लाख वाहन मालिकों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन किया, इनमें से 1.59 लाख वाहनों में नंबर प्लेट लगाई जा चुकी है। परिवहन विभाग ने पहले 30 जून 2024 तक सभी वाहनों में नंबर प्लेट लगवाने और एक जुलाई से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। ऐसे में चालान के डर से जून माह में वाहन मालिक सक्रिय नजर आए। इस एक महीने में 1.26 लाख वाहन चालकों ने नंबर प्लेट बदलवाने के लिए आवेदन किया। हालांकि अभी भी राज्य में 21.50 लाख से अधिक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाई गई है। अब एक अगस्त से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

### नंबर प्लेट को लेकर आपके सवालों के जवाब

**» प्रश्न. कौनसे वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगनी है?**

**एक** अगस्त 2012 से 30 अगस्त 2017 के बीच खरीदे गए वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगी आई थी। लेकिन बाद में जिन वाहनों की नंबर प्लेट टूट गई या खराब हो गई, उन्हें अब बदलवानी होगी।

**» प्रश्न. मेरा वाहन मॉडल सितंबर 2017 और एक अप्रेल 2019 के बीच है तो?**

**अगर** आपके पास सितंबर 2017 से एक अप्रेल 2019 के बीच के मॉडल का वाहन है तो ऐसे सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगनी है। इस बीच आने वाले वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी नहीं आई।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात




» जागरूक जनता @ जयपुर। प्रधानमंत्री की मन की बात का 111वां कार्यक्रम जेपी कॉलोनी सामुदायिक भवन में वार्ड 24, विद्याधर नगर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने सुना। इस दौरान वार्ड 24 संयोजक पंडित मनोज शर्मा, वार्ड अध्यक्ष सतीश जागा, पार्षद प्रतिनिधि हरिओम सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता उम्मेद सिंह, लोकेश गुप्ता, मंगतू राम, रवि शर्मा, सत्यनारायण पारीक, प्रकाश अग्रवाल, भगवान सहाय पटवा, उमेश, विक्रम सिंह शेखावत एवं महिला मोर्चा में नीलम कुमावत एवं सुरभि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**राजस्थान सरकार की सख्ती**

# राजधानी में 500 वर्गमीटर से छोटे भूखंड पर नहीं बन सकेंगे फ्लैट्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के शहरों की आवासीय योजनाओं, कॉलोनियों में छोटे भूखंड पर न तो ज्यादा ऊंची इमारत का निर्माण हो सकेगा और न ही बिल्डर ज्यादा फ्लैट बना सकेंगे। आवासीय योजनाओं में हाईराइज बिल्डिंग की परिभाषा भी बदलेगी। इसमें अब 15 मीटर से ऊंची इमारत हाईराइज मानी जाएगी। स्टिल्ट पार्किंग की गणना भी इमारत की ऊंचाई में की जाएगी। ऐसे में ज्यादा ऊंची इमारत नहीं बन पाएगी। वहीं, 500 वर्गमीटर से छोटे भूखंडों पर अब बहुनिवास इकाई (फ्लैट का ही रूप) नहीं बनेंगे।

### बिल्डिंग बायलॉज का ड्राफ्ट जारी, जनता से मांगे आपत्ति-सुझाव

**पांच** सौ से ज्यादा व 750 वर्गमीटर क्षेत्र के भूखंडों पर भी केवल आठ इकाई ही बना सकेंगे। आवासीय योजनाओं में स्थानीय लोगों की सुविधाएं बंटने से रोकने के लिए राज्य सरकार ने नए बिल्डिंग बायलॉज में ऐसे ही बड़े प्रावधान प्रस्तावित किए हैं। नगरीय विकास विभाग ने नए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज का ड्राफ्ट शनिवार को जारी कर दिया। इस पर जनता से आपत्ति-सुझाव मांगे गए हैं। बायलॉज में फ्लैट और बहुनिवासी इकाइयों को अलग परिभाषित किया गया है, लेकिन विषय विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों में लगभग समानता है, बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। पत्रिका कॉलोनियों में लोगों की सुविधाएं बंटने से जुड़ी खबरें प्रमुखता से प्रकाशित करता रहा है।

### जनता की इस परेशानी को खत्म करने की तरफ कदम

» जो कॉलोनियां अनुमोदित की गई हैं, उनमें भूखण्ड और संभावित लोगों की संख्या के आधार पर ही पेयजल, सीवर, ड्रेनेज, बिजली, सड़क सहित अन्य सुविधाएं हैं। इन्हीं सीमित संसाधनों के बीच ज्यादा ऊंची इमारतों के निर्माण से लोगों की सुविधाएं बंटती रही हैं।

### नए नियम से इस तरह घटेगी बिल्डिंग की ऊंचाई

**नए** बायलॉज लागू होने के बाद कॉलोनियों में छोटे भूखंडों पर 15 मीटर से ज्यादा ऊंची बिल्डिंग नहीं बन सकेगी। अभी स्टिल्ट पार्किंग को इमारत की ऊंचाई में नहीं गिना जा रहा। इसलिए बिल्डर स्टिल्ट पार्किंग सहित इमारत की ऊंचाई 18 मीटर तक बना रहे थे। हालांकि पन्द्रह मीटर से कम ऊंचे भवन में स्टिल्ट पार्किंग अलग से बनाई जा सकेगी।

### फायर ब्रिगेड के लिए जगह

**15** मीटर से ऊंची बहुमंजिला इमारतों में फायर ब्रिगेड वाहन के लिए 6 मीटर का गलियारा छोड़ना होगा। अभी 3.6 मीटर की ही अनिवार्यता, जिससे वाहन को घुमाने में दिक्कत आती है।

### ग्रीन बिल्डिंग निर्माण अनिवार्य

**2500** वर्गमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल के भूखंड पर ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण अनिवार्य किया जा रहा है। अभी तक केवल इंसेंटिव देने का प्रावधान था।

### ज्यादा हरित क्षेत्र दरकार

**पर्यावरण** संरक्षण हेतु भूखंड पर प्रस्तावित बीएआर के अनुपात में हरियाली का हिस्सा छोड़ना होगा।

### हर इकाई के लिए कार पार्किंग

**ग्रुप** हाउसिंग, बहुआवासीय इकाइयों में अब हर इकाई के लिए एक कार पार्किंग के लिए जगह छोड़नी ही होगी। भले ही एरिया निर्धारित क्षेत्रफल से कम क्यों न हो।



# सत्संग के दौरान भगदड़, 100 से ज्यादा मरे, मोदी ने जताया दु:ख

### 200 से अधिक घायल, सीएम योगी ने दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा, आज खुद जाएंगे घटना स्थल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ मच गई है। भगदड़ में करीब 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। एक सत्संग चल रहा था, जहां यह भगदड़ मची है। हाथरस के रतिभानपुर इलाके की घटना बताई जा रही है। बताया जाता है कि भोले बाबा के सत्संग का समापन कार्यक्रम चल रहा था और इस दौरान यह भगदड़ मची। इस भगदड़ में घायल लोगों को एटा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। घटना में 200 से अधिक लोग घायल हैं। घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कई बड़े नेताओं ने हाथरस घटना पर दुःख जताया है। बताया जा रहा है कि भगदड़ में कई महिलाएं और बच्चे दब गई, जिससे उनकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे का संज्ञान लिया है। समाचार लिखे जाने तक राहत कार्य जारी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "जनपद हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। आज मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी घटनास्थल का मुआयना करेंगे। संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, संदीप सिंह घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं तथा प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को घटना स्थल पर पहुंचने हेतु निर्देशित किया है। ADG, आगरा और कमिश्नर, अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।"

एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह घटना हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे में हुई है। उन्होंने ही बताया एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें से 23 महिलाएं हैं, तीन बच्चे हैं और एक पुरुष है। अभी भी घायलों को अस्पताल लाया जा रहा है और शवों की पहचान की जा रही है। घटना के चश्मदीदों के अनुसार वहां पर बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे आए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी हुई थी। जैसे ही सत्संग खत्म हुआ, लोग वहां से जाने लगे और इस दौरान भगदड़ मच गई। भगदड़ के दौरान लोग एक दूसरे को देख नहीं रहे थे और एक दूसरे के ऊपर चढ़ते चले गए। भगदड़ होते ही चारों ओर चीख पुकार मच गई।

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही बहस का जवाब दिया। जिसके बाद लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। राष्ट्पति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बाद, लोकसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई। लोकसभा में 16 घंटे की बहस 1 जुलाई की सुबह शुरू हुई और सदन देर रात तक बैठा रहा। एक जुलाई को, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में पहले भाषण ने काफी राजनीतिक गर्माहट पैदा कर दी थी। राहुल गांधी के भाषण के दौरान भाषण नेताओं ने उन पर 'झूठ बोलने, सदन को गुमराह करने और पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहने' का आरोप लगाया था और कांग्रेस ने मोदी सरकार पर जवाबी आरोप लगाए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानून सजा के बजाय न्याय को प्राथमिकता देंगे।

गहलोत सरकार के एक और फैसले पर चली कैंची

## गांधी वाटिका न्यास अधिनियम खत्म

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के एक और फैसले पर प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कैंची चला दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पिछली गहलोत सरकार में लाए गए गांधी वाटिका न्यास अधिनियम 2023 को खत्म करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाने, युवाओं के लिए किशनगढ़, भीलवाड़ा और झालवाड़ में फ्लाइंग स्कूल खोलने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### गांधी वाटिका न्यास भंग

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछली सरकार ने गांधी वाटिका न्यास में असीमित अधिकार दे दिए गए, जबकि उनकी आवश्यकता नहीं थी। गांधी वाटिका का संचालन होता रहेगा, गांधी राम के आदर्शों पर चलने वाले थे। उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का काम जारी रहेगा। पटेल ने कहा कि हम जल्द ही गांधी वाटिका को शुरू करेंगे, लेकिन इसके संचालन के लिए जो न्यास बनाया गया था, उसमें कई खामिया थी। न्यास में अध्यक्ष के होते हुए भी उपाध्यक्ष को असीमित शक्तियां दे दी गई थीं। एक व्यक्ति को सरकारी जमीन बेचने के अधिकार कैसे दिए जा सकते हैं। एसे में कैबिनेट ने गांधी वाटिका न्यास अधिनियम 2023 रद्द करने का फैसला किया है।

### फ्लाइंग स्कूल खुलेंगे

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान बिजली के लिए आत्मनिर्भर हो इसके लिए 2.15 लाख के इन्वेस्टमेंट, सौर ऊर्जा के लिए नई टेक्निक का इस्तेमाल होगा। डीएलसी रेट की 7:30 परसेंट पर जमीन देंगे। 3 एकड़ की जगह ढाई एकड़ में ही प्लांट लग सकेगा, जो बिजली बनाएगा और प्राथमिकता से राजस्थान को बिजली देगा। राजस्थान की कई हवाई पट्टियां हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उन सभी को सर्विसेबल बनाया जाएगा। कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा, इसके साथ राजस्थान में फ्लाइंग स्कूल खुलेगा। किशनगढ़, भीलवाड़ा और झालावाड़ में फ्लाइंग स्कूल केन्द्र के सहयोग से खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई नागरिक उद्दयान्न पॉलिसी बनेगी और जयपुर में एयरोसिटी बनेगी। इसके साथ कैबिनेट बैठक में कुछ शिक्षण संस्थाओं के नाम बदले गए हैं।

## मेरे भाषण के अंश हटाना 'संसदीय लोकतंत्र के ख़िलाफ़'-राहुल

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही से उनके भाषण के अंश हटाने पर हैरानी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि यह 'संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ' है। गांधी ने आज यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, 'मोदी जी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। परंतु वास्तव में सत्य को मिटाया नहीं जा सकता। मुझे जो कहना था मैंने कह दिया, वे जितना चाहें मिटा लें। सत्य तो सत्य है।" उन्होंने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी इस बारे में एक पत्र लिखा और कहा, "मैं आपको एक जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में यह पत्र लिख रहा हूं। मेरी टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है।

आभार एवं अभिनंदन समारोह

## खेती की नई तकनीक सीखने किसानों को भेजा जाएगा विदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान की समृद्धि के बिना देश और प्रदेश समृद्ध नही हो सकते। किसानों की आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती में बदलाव लाना होगा। बदलते हुए जमाने में किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए खेती करनी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को उन देशों में भेजेगी जहां पर खेती की उन्नत तकनीक का इस्तेमाल कर खेती की जाती है। वहां से खेती के नए तौर तरीके सीख कर हमारे किसान भाई अपनी उपज बढ़ा सकेंगे। शर्मा कोटपुतली-बहरोड़ जिले के ग्राम भांकरी में संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) में विराटनगर क्षेत्र को शामिल करने पर आयोजित आभार एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार बनते ही मात्र 6 महीने के अल्प समय में संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं। इस दौरान किसानों और पशुपालकों को खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार ने कई फैसले किए हैं। गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ 2 हजार रुपये अतिरिक्त सालाना देने तथा पशुपालकों को किसान गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने जैसे फैसले किए हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 80 हजार से अधिक किसानों को 350 करोड़ का अल्पकालीन फसली ऋण दिया गया है।

सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

## हिंदुओं को गाली देना राहुल गांधी की आदत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस की गई है। इसमें सीएम शर्मा ने कहा कि आपने देखा होगा कि संसद में राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिसंक, असत्यवादी और नफरतवादी की संज्ञा दी है। वह न केवल झूठ बोल रहे है, बल्कि 125 करोड़ हिंदुओं को अपमानित करने का काम कर रहे है। कल उनकी भाषा आपने देखी होगी कि उन्होने कैसे बार बार हिंदुओ का अपमान करने की बात कही। लगातार तीसरी बार कांग्रेस लांच नहीं हो पा रही है। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण ही असत्य पर टिका हुआ है। सदन में राहुल गांधी ने केवल झूठ बोला। यह कांग्रेस की आदत रही है। तुष्टीकरण की राजनीति से वोट लेने का काम किया है। आपने देखा होगा कि साल 2010 में गृहमंत्री पी चिदंबरम ने हिंदुओं को आंतकवादी बताया था और बाद में माफी मांगी थी। मैं कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी को पढ़ना चाहिए कि हिंदू कौन है। हिंदू वह है जो सब को साथ लेकर चलने वाला है। पूरे विश्व का कल्याण चाहने वाला हिंदू है। हम नदियों, पर्यावरण सबको मानते है। भगवान शिव की तस्वीर संसद में दिखा रहे है। राहुल जी यह तस्वीर आपने पांच सात साल में देखी है। जबकी हिंदू जन्म से यह तस्वीर देखता है। हिंदुओं को गाली देना राहुल की आदत बन चुकी है।






### खाद्य,नागरिक आपूर्ति विभाग की अनूठी पहल, अब घर बैठे ही मिलेगा राशन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि बजट घोषणा के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश में योजना शुरू की गई है। जिसमें ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक आयु के अथवा निःशक्त हैं जो राशन लेकर आने में असमर्थ हैं उन्हें घर बैठे राशन मिलेगा। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य दुकानदार या उसके द्वारा नामित व्यक्ति घर बैठे राशन उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए संबंधित व्यक्ति वितरण के दौरान पोस मशीन, वेट मशीन तथा अन्य आवश्यक सामान साथ लेकर जायेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

## वर्ल्ड बैंक ने जाना प्रदेश में चल रहे विकास कार्य, परियोजनाएं एवं भविष्य का विजन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल सदस्यों के साथ प्रदेश में सड़क, जल, बिजली, नगरीय विकास और परिवहन क्षेत्र के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश के विकास में वर्ल्ड बैंक की भूमिका को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के साथ राज्य में चल रही परियोजनाओं एवं विभिन्न सेक्टर में किए जा रहे विकास कार्यों सहित भविष्य के विजन की जानकारी साझा की। इस 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में भावना भाटिया, अर्नब बंद्योपाध्याय, रीनू अनेजा, तुषार अरोड़ा, राजगोपाल और हर्ष शामिल थे।






ANCHOR 6 आईएएस अफसर इधर-उधर

## बजट सत्र से पहले ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में 3 जुलाई से शुरू होने वाले बजट सत्र से एक दिन पहले ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कार्मिक विभाग ने मंगलवार को 6 आईएएस अफसरों के तबादले की लिस्ट जारी की है। 1997 बैच के आईएएस नवीन महाजन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पांच साल तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे प्रवीण गुप्ता को अब सार्वजनिक निर्माण विभाग में प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा एपीओ चल रहे रोहित गुप्ता को वाणिज्य और कॉर्पोरेट उद्योग में आयुक्त का प्रभार दिया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक आईएएस प्रकाशचंद्र शर्मा को ओएसडी मुख्यमंत्री, संदीप वर्मा को अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक राजस्थान राज्य भंडारण निगम, प्रवीण गुप्ता को प्रमुख सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर, नवीन महाजन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपुर, रोहित गुप्ता को आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं कॉर्पोरेट जयपुर और हिमांशु गुप्ता को प्रबंध निदेशक, रूडा जयपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सम्पादकीय

# जनता का जिम्मा, राहुल गांधी विपक्ष के नेता

भा राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। खैर, इस पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। लोकसभा चुनाव परिणामों के साथ ही कांग्रेस के भीतर से मांग उठने लगी थी कि राहुल को नेता प्रतिपक्ष का पद संभालना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कई प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है नेता प्रतिपक्ष। इससे जाहिर है कि पिछले 10 बरसों से यह पद खाली होने के चलते संसद ने क्या खोया।

**पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं।**

लेकिन, यह पद इन समितियों और नियुक्तियों तक सीमित नहीं। नेता प्रतिपक्ष को शैडो पीएम तक कहा जाता है। वह सरकार के मुखिया पीएम की परछाई की तरह होता है, उसके हर काम पर नजर रखने वाला। राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करने होंगे। कई मामले होते हैं जहां सरकार और विपक्ष की सहमति जरूरी होती है। बेहतर होगा कि उन स्थितियों में फैसला राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लिया जाए। राहुल गांधी को घोषित तौर पर विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. का नेता नहीं चुना गया था, लेकिन इसमें किसी को शक नहीं कि विपक्ष का असल चेहरा वही थे। चुनाव के दौरान विपक्ष के सारे दलों को एकजुट रखने के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किए। चुनाव परिणाम पर उसका असर दिखता है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केवल कांग्रेस ही नहीं, उन सभी दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो इन चुनावों में सरकार के खिलाफ उतरे थे। चुनौती न केवल सदन में विपक्षी दलों की भूमिका को अधिकाधिक प्रभावी बनाने की होगी बल्कि इस प्रभाव का सही दिशा में और उपयुक्त लक्ष्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने की भी है।

**यूरोपीय देशों में कई कंपनियां छह दिन काम करने के मॉडल को अपनाने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। इसके पीछे उनकी मंशा है कि वह अपना काम बेहतर तरीके से कर सकें और ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सकें।**

# कितना कारगर है हफ्ते में छह दिन काम का मॉडल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**ऐसे कारोबार जो कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं और जहां सीजन के हिसाब से काम बढ़ जाता है, वहां सप्ताह में छह दिन काम करने का मॉडल बहुत जरूरी है, मिसाल के तौर पर दुकानें, कारखाने और अस्पताल। वहां छह दिन काम करने के मॉडल को लागू किया जा सकता है।**

क **र्मचारियों** को कितने घंटे काम करना चाहिए, यह हमेशा से ही बहस का विषय रहा है। पिछले दिनों इंफोसिस के प्रमुख नारायण मूर्ति ने कहा कि भारत में युवाओं को एक सप्ताह में कम से कम 70 घंटे काम करना चाहिए। मूर्ति के इस बयान ने एक बार फिर से इस बहस को छेड़ दिया है कि आखिर ऑफिस में कितने घंटे काम करना मुफीद है। आज की दुनिया में लोगों के लिए ऑफिस का काम ही सब कुछ हो गया है। लेकिन कई बार देखा गया है कि अधिकारी, टीम लीडर या बॉस अमूमन अपने अधीनस्थों से संतुष्ट नहीं रहते हैं। लक्ष्य का दवाब उन्हें इस बात पर विचार करने पर मजबूर कर रहा है कि कर्मचारियों के कार्यावधि यानि हफ्ते के घंटों में इजाफा किया जाना चाहिए। लेकिन एक बात पर सब सहमत होंगे कि काम हमारे जीवन का एक जरूरी हिस्सा है। हम लगभग हर दिन, दिन के अधिकांश समय, दशकों तक काम करते हैं। इसलिए हम काम करने में कितना समय बिताते हैं, इस पर बारीकी से नज़र डालने से हमें अपने जीवन और जिस समाज में हम रहते हैं, उसके बारे में बहुत कुछ पता चल सकता है।

जर्मन पोर्टल डीडब्ल्यूवर्ल्ड पर इस बारे में टिमोथी रुक्स की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हाल ही ग्रीस में 1 जुलाई से हफ्ते में छह दिन काम करने के मॉडल को अपनाने का एलान किया गया। दूसरी तरफ अनेक देश ऐसे हैं, जहां काम के घंटे कम करने पर प्रयोग किए जा रहे हैं। आखिर कौन सा मॉडल ज्यादा कारगर है? कई देशों में फाइव-डे वीक, यानी हफ्ते में पांच दिन काम करना आम हो चुका है। ग्रीस में कामकाज से जुड़े कई क्षेत्रों में यह व्यवस्था खत्म हो सकती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कामगारों की कमी का सामना कर रहे अन्य देशों के लिए यह एक बेहतर रोल मॉडल साबित होगा कि नहीं।

नए नियम के तहत, कुछ उद्योगों और कारखानों के साथ-साथ जो कंपनियां 24 घंटे खुली रहती हैं, उनमें हफ्ते में पांच की जगह छह दिन काम कराने की छूट दे दी गई है। गौर करने वाली बात यह है कि पर्यटन और खाने-पीने की चीजों से जुड़े कारोबारों को इस नई व्यवस्था से अलग रखा गया है। इसका मतलब है कि कानून के दायरे में आने वाले उद्योगों, कारखानों और कंपनियों से जुड़े लोगों को अब हफ्ते में 40 की जगह 48 घंटे काम करना पड़ सकता है। सैद्धांतिक तौर पर अगर कंपनी चाहती है, तो कर्मचारी ज्यादा काम करने का विकल्प चुन सकते हैं। जो लोग ज्यादा काम करेंगे, उन्हें ज्यादा वेतन भी दिया जाएगा।



दुनिया भर में लोग कितना काम करते हैं? आज कई देशों में लोग पिछले 150 सालों की तुलना में बहुत कम काम करते हैं । कम काम करने का मतलब है कि आप ज्यादा शिक्षित होने या बस फुर्सत के पलों का आनंद लेने में समय बिता सकते हैं। देखा गया है कि कई बार लक्ष्य में पीछे होने के कारण कर्मचारियों को अनाधिकारिक तौर पर अपनी कार्यावधि बढ़ानी पड़ती है। फिलहाल दुनिया भर की कंपनियों में औपचारिक 9 घंटे प्रतिदिन की कार्यावधि है जिससे पांच दिन के हफ्ते में ये घंटे 45 घंटे हो जाते हैं। लेकिन ये घंटे प्रभावी तौर पर 40 यानी 8 घंटे प्रति दिन ही माने जाते हैं।

यह 8 घंटे काम करने की संस्कृति यूं ही पैदा नहीं हुई बल्कि औद्योगिक क्रांति के समय जब कंपनियां अपना उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही थीं, तब तो मजदूरों से 10-16 घंटे प्रतिदिन कार्य कराने का चलन बन चुका था। 19वीं सदी के अंत 8 घंटे दिन की कार्यावधि करने की मांग जोर पकड़ने लगी थी। 1914 में हेनरी फोर्ड ने अपने कर्माचरियों के लिए दिन के काम करने के घंटे 8 घंटे कर दिए और साथ ही उनके वेतन तक बढ़ा दिया। इसका नतीजा उम्मीद के खिलाफ बहुत ही शानदार रहा और दूसरी कंपनियों ने इसे अपना लिया और 8 घंटा प्रति दिन काम करना एक नियम सा बन गया था।

कर्मचारियों के लिए काम के घंटे बढ़ाने के समर्थन में ग्रीक सरकार का कहना है कि ये नए नियम प्रशासनिक काम को आसान बना देंगे, प्रोबेशन पीरियड घटकर छह महीने का हो जाएगा और लोग ज्यादा काम करने पर ध्यान देंगे। इस नए कानून से कुशल कर्मचारियों की कमी को भी पूरा करने में मदद मिलेगी। दरअसल, नए कानून के लागू होने से अब कंपनियां आधिकारिक तौर पर लोगों से ज्यादा काम करा सकेंगी। पहले भी कंपनियां लोगों से ज्यादा काम कराती थीं, लेकिन उन्हें रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया जाता था। नई व्यवस्था में कर्मचारियों को मुफ्त में ट्रेनिंग मिलेगी, ताकि वे अपना कौशल विकसित कर सकें और बाजार की बदलती हुई जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाल सकें। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि हफ्ते में छह दिन काम करने का यह मॉडल हर जगह लागू नहीं होगा, बल्कि कुछ खास कारोबारों तक ही सीमित रहेगा।

ग्रीस में कई चुनौतियां हैं। जैसे कम वेतन, ज्यादा बेरोजगारी और घटती जनसंख्या। हालांकि, सिर्फ ग्रीस ही ऐसी समस्याओं से नहीं जूझ रहा है। फिर भी ग्रीस में ज्यादा काम कराने का यह नया मॉडल उसके पड़ोसी यूरोपीय देशों से बिल्कुल अलग है। यूरोपीय देशों में तो कई कंपनियां छह दिन काम करने के मॉडल को अपनाने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। इसके पीछे उनकी मंशा है कि वह अपना काम बेहतर तरीके से कर सकें और ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सकें। इस मामले में एक आम धारणा यह है कि ऐसे कारोबार जो कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं और जहां सीजन के हिसाब से काम बढ़ जाता है, वहां सप्ताह में छह दिन काम करने का मॉडल बहुत जरूरी है, मिसाल के तौर पर दुकानें, कारखाने और अस्पताल। वहां छह दिन काम करने के मॉडल को लागू किया जा सकता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# खतरे में पड़ते भारतीय सागर तट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अ **भारत** के समुद्रीय तटों के बुरे हालातों के बारे में समाचार पत्रों में अक्सर पढ़ने को मिला करता है। चाहे महा नगर हों या फिर पर्यटक स्थल हों, दोनों ही स्थानों पर प्लास्टिक, कागज और अन्य गंदगी सागर में प्रवाहित होती रहती है। स्वच्छ भारत अभियान न तो सागर तट पर पहुंचा और ना ही शहरों की गलियों के कोनों में। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सागर तट गंदले नजर आते हैं और शहरों की सड़कों के कोनों पर गुजरते हुए आपको नाक बंद करनी पड़ती है। इन सब के बीच भारत के समुद्रीय तटों को एक नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसके कुप्रभावों के बारे में लोगों को जानकारी नगण्य के बराबर ही नजर आ रही है। भारत का मुख्य मीडिया राजनीति, धर्म, जाति आदि विषयों के बारे में तोड़मरोड़ की बहसबाजी में इतना व्यस्त है कि किसी सार्थक विषय के बारे में बात की उससे उम्मीद ही टूटती जा रही है।


**डॉ. रामवतार शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

परंतु जो खतरे उभर रहे हैं और उनके दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं उनको कब तक अनदेखा किया जा सकता है? हम राजस्थान में रहते हैं। यहां के नीम का थाना क्षेत्र में अवैद्य एवम् असुरक्षित पत्थरों की माइनिंग से कितने ही गरीब ग्रामीण पीड़ित हो रहे हैं, अकाल मृत्यु का ग्रास हो रहे हैं परंतु राजस्थान में इस बारे में कितनी जागरूकता है? हमारे यहां थोड़ी सी जागरूकता तब आती है जब कोई प्रभावशाली व्यक्ति इसका शिकार होता है। इस संदर्भ में भारत के पश्चिमी तट को देखना होगा। पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्लेटफार्म की भारतीय शाखा मोंगाबे इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार मानसून के तुरंत बाद महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के समुद्र तटों पर यदि आप घूमने जायेंगे तो आपके पैरों के तलुओं में कुछ छोटे और गहरे काले या भूरे रंग के कण चिपक सकते हैं।

ये कण टार बॉल्स हैं जो कच्चे तेल या फिर तेल के निस्तारण के फलस्वरूप बनते हैं। पश्चिम तट के अरब सागर में तेल के कुएं हैं और कई बार तेलवाहक जहाजों से किसी दुर्घटना के बाद तेल समुद्र में बह जाता है। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओसियानोग्राफी के अनुसार हवा की गति और सागर की लहरों के प्रभाव से समुद्र में बिखरा तेल एक सूक्ष्म गेंद का रूप ले लेता है। इन टार बॉल्स में हाइड्रोकार्बन यौगिक होते हैं और विशेषकर पॉलीसाइक्लिन एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन की अधिकता होती है जो मनुष्य तथा समुद्री जीवों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसके अलावा इन तेल की लघु गेंदों में विब्रियो वल्नीटिकस नामक एक बैक्टीरिया भी होता है जो यदि किसी छोटे से घाव में भी प्रविष्ट हो जाए तो जानलेवा हो सकता है। इस प्रकार ये टार बॉल्स सागर तट पर जानेवाले लोगों के लिए खतरा हो सकती है। समुद्री जीवों को खतरे में डाल कर लाखों मछुआरों के रोजगार को समाप्त कर सकती हैं। याद रखिए कि देश नारेबाजी और बड़बोलेपन से नहीं चलते हैं बल्कि देश उसकी की हर समस्या को जानने और उसका समाधान निकालने से आगे बढ़ता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## झलक

# लहकीना होती वन्य लता


**तुषार पुरोहित**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

खिल खिल जाती मन की कलियाँ,
तेरा आभास जहाँ होता।
होती ना जो मुस्कान तेरी,
हृद का उल्लास कहाँ होता...
**********
होती चितवन की टेक कहीं,
चित का चैतन्य कहीं होता।
मिलती न जो इक झलक तेरी, मानस यह धन्य नहीं होता...
**********
गहरी होती लय संशय की,
भव का भ्रमजाल घना होता।
नौका के पाल उलट जाते,
आसंग जो तेरा न होता...
**********
खिलती न भोर की अरुनाई,
खग दल का कलरव होता।
लहरों पर तिरती किरनों का,
तेरे बिन कौन प्रभव होता...
**********
अलि वृन्द न करते रस विहार, आँगन भुवि का न खुला होता।
लहकी ना होती वन्य लता,
जो नेह तेरा न घुला होता...
**********
सरगम न उमगती साँसों में,
उर में न उछाह रहा होता।
बजती न जो तेरी बाँसुरिय,
रस का निर्झर न बहा होता...
**********
होती न गर्जना मेघों की,
भू अंचल ना सरसा होता।
जगती प्रणय की दिव्य प्रभा,
जिय में जो तू न बसा होता...
**********
पुलकित ना होता रोम रोम,
ना अंग अंग निखरा होता।
उठती न हिलोरे नस नस में,
जो भाव तेरा न भरा होता...
**********
ललना की मृदुल हथेली पर,
सिंगार अहो न रुचा होता।
तुमने अपने हाथों से जो,
ना मेहंदी रंग रचा होता...
**********
ना पनघट पर व्रज बाला के तन का आँचल ढलका होता।
उर में तेरी रस लीला का,
सागर जो छलका होता...
**********
मिलने की मधुरी चाह लिये,
ना 'मनुज' हृदय मचला होता।
कानन कानन उपवन उपवन, जो रूप तेरा न ढला होता...
....तुषार "निरपेक्ष"

# उदयभान हो!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**सरिता पाण्डेय**
रचनाकार
@jagrukjanta.net

हुआ आगमन रतना का उत्थान हो रहा राजापुर का।
विद्युत उपकरणों से देदीप्यमान उदयभान हो रहा राजापुर का।
न अस्त्र लिया न शस्त्र लिया न ली तुलसी ने बन्दूकें।
मोरपंख को कलम बना
पुस्तक से भर दी सन्दूकें।
दसों दिशा अभिनंदन करती
जयगान हो रहा राजापुर का।
उदयभान हो रहा ......
कुछ साथ न लाये फिर क्यों डाले तुमने ताले।
लुके छिपे से मंदिर देखो लगते आज निराले ।
बाल्मीकि अवतारी जन्मे जानें आतमराम भला हो राजापुर का।
उदयभान हो रहा.......
हे सूर्य तुम्हें नमन नमन करें यमुना मइया का ।
शारद कन्या अवतारी जन्मी जय हो रतना मइया का।
सच पूछो सब खोने वाले तुलसी रतना यशगान बने राजापुर का।
उदयभान हो रहा ........
कलम आज क्या कहना चाहें लिखती एक बात निराली।
सब देवो की पूजा करते कपटी कहां गयी रतना की थाली।
ब्रह्मज्ञान बेकार हुआ न समझे "सरिता" तत्त्वज्ञान ये राजापुर का।

*लेखक तुलसी तीर्थ राजापुर चित्रकूट से है।*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



ठं **डक** के कारण समुद्र का पानी बर्फ बनकर तैरता है। पानी पर बर्फ के कितने ही आकार के टुकड़े तैरते हैं। भक्ति रूपी ठंडक के लगने से सच्चिदानंद सागर में ईश्वर की साकार मूर्ति के दर्शन होते हैं। वे भक्त के लिए साकार होते हैं। किंतु जब ज्ञान रूपी सूर्य का उदय होता है, तब बर्फ गल जाती है। फिर वही पहले का जल। ऊपर-नीचे जल ही जल। ईश्वर साकार निराकार और इनसे परे भी है। ईश्वर अनन्त सागर की तरह निराकार है। सब जगह ऊपर-नीचे, दांये-बांये पानी ही पानी, स्थिर पानी। निराकार सृष्टि का कारण है। जैसे जल में तरंगें उठती हैं। तरंगें उठना कार्य है। कार्य के आरंभ होते ही सृष्टि स्थिति प्रलय होते हैं। जल में तरंगे उठना, सृष्टि का प्रारंभ होना, यह ईश्वर का साकार रूप है। निराकार में मन अधिक देर नहीं रहता, इसलिए भक्त साकार को लेकर रहते हैं। जैसे चिड़िया ऊपर उड़ती हुई जब थक जाती है, तब फिर डाल पर आकर बैठ जाती है। जैसे बीच समुद्र में जहाज का पंछी कितना भी उड़े आखिर जहाज के मस्तूल पर आकर ही विश्राम लेता है। संसार में सब का रुचि भेद हैं। परमात्मा ने इसलिए अनेक धर्म, अनेक मतों की सृष्टि की। साकार-निराकार का अन्तर किया। सभी आदमी ब्रह्म ज्ञान यानि ईश्वर के निराकार रूप को समझने के अधिकारी नहीं होते। यही सोचकर उन्होंने साकार पूजन की व्यवस्था की। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# जहरीली हवाओं से किशोरों को बचाना होगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**शुद्ध वायु प्रदूषण के विनाशकारी परिणाम सांस लेने से कहीं अधिक हैं। एक शोध के अनुसार यह चिंता, मनोभ्रंश, अवसाद और आपराधिक व्यवहार से भी जुड़ा है। किशोरों पर हुए एक अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से उनमें आपराधिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं, जिस पर समय रहते नियंत्रण जरूरी है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ एब्नार्मल चाइल्ड साइकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।**

*हवा में हर तरफ जहर ही जहर है*
*जिसे देखो वो कैद, आज अपने घरों में है।'*

**पर्यावरण** प्रदूषण 21वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।


**गीता यादव**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए, वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं। लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है और वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज' के अनुसार, वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है। न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल' में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक, डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह अध्ययन 'जर्नल ऑफ एब्नार्मल चाइल्ड साइकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर


रुद्र सन रामा चौहान, अलवर

**हमे भेजें**


आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 03/06/2024**

**सूर्योदय :** 05:41 **सूर्यास्त :** 19:20 **चन्द्रोदय :** 02:49 **चन्द्रास्त :** 17:13 **शक सम्वत :** 194 क्रोधी **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** वृषभ **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** द्वादशी, 07:11 तक **वार :** बुधवार **चन्द्रमास आषाढ़ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **ज्येष्ठ :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** रोहिणी, 28:06 तक
**योग :** शुला, 08:59 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 07:11 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 18:32 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:07 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:27 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:22 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:23 पी एम से |
| अमृत काल | 1:00 ए एम, जुलाई 4 से |
| निशिता मुहूर्त | 12:5 ए एम, जुलाई 4 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | पूरे दिन |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
होमाहुति : केतु

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:40 - 07:23 | उद्वेग : 19:19 - 20:37 |
| अमृत | : 07:23 - 09:05 | शुभ : 20:37 - 21:55 |
| काल काल वेला | : 09:05 - 10:47 | अमृत : 21:55 - 23:12 |
| शुभ | : 10:47 - 12:30 | चर : 23:12 - 00:30 |
| रोग वार वेला | : 12:30 - 14:12 | रोग : 00:30 - 01:48 |
| उद्वेग | : 14:12 - 15:55 | काल : 01:48 - 03:05 |
| चर | : 15:55 - 17:37 | लाभ : 03:05 - 04:23 |
| लाभ | : 17:37 - 19:19 | उद्वेग : 04:23 - 05:41 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज चतुर्थी

### आज कौन सा कार्य करें

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, द्वादशी, 2081 बुधवार, 3 जुलाई - 9 जुलाई, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे]
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर



# 'सभ्या किड्स' का भव्य उद्घाटन
# रोज पब्लिक स्कूल ग्रुप प्रांगण में नौनिहाल पढ़ेंगे वैदिक शिक्षा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने और बचपन से बच्चों में संस्कार देने के लिए रोज पब्लिक स्कूल प्रांगण में वैदिक शिक्षा प्रारंभ की गई है। जिसकी शुरुआत 'सभ्या किड्स' के शुभारंभ से कर दी गई है। एक जुलाई 2024 को 'सभ्या किड्स' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुरलीपुरा स्कीम के पास जमनापुरी स्थित रोज पब्लिक स्कूल के संस्थापक निदेशक छगनलाल चौधरी 'रोज' ने बताया कि बचपन से ही



भारतीय संस्कृति और संस्कारों के लिए प्रारंभिक शिक्षा से ही प्रयास किया जाना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह शुरुआत की है। इसमें ढाई वर्ष के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर सिद्ध बाबा स्थान के गुरु महाराज भगवान सहाय ने फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया और वैदिक मंत्रों के बीच मां सरस्वती की पूजा की। इस अवसर पर श्रीप्रकाश शर्मा, डी.डी. सिंह (रिटायर्ड आईपीएस), ओ.पी. लोढा, सतपाल पार्षद वार्ड नंबर 11, लोकचंद हरिरामानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा, समाजसेवी नगेन्द्र वशिष्ठ, हरिशंकर गौड, छात्रों के अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सीमलेस ब्लॉकचेन बढ़ाएगा जागरूकता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीमलेस ब्लॉकचेन जयपुर 2024 ने जयपुर को अत्याधुनिक ब्लॉकचेन इन्नोवाशन से क्रांतिकारी रूप से बदलने का लक्ष्य रखा। यह प्रमुख कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। फॉर्मिडियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया भर से फिनटेक उद्योग की प्रतिष्ठित हस्तियां, ब्लॉकचेन और टेक्नोलॉजी इन्नोवेटर एकत्रित हुए। उन्होंने मिलकर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी की नवीनतम प्रगति और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी साझा की।

सम्मेलन का उद्देश्य ब्लॉकचैन की दिशा में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना, एवं ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना और ब्लॉकचेन परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले पेशेवरों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत उद्योग विशेषज्ञों जैसे सुशील अग्रवाल, पूर्व सीईओ और आवास फाइनेंसर्स के संस्थापक, और श्री महीम गुप्ता, लिमिनल के संस्थापक और सीईओ के मुख्य भाषणों के साथ हुई, जिन्होंने वित्तीय क्षेत्र में ब्लॉकचेन के महत्व और अनुप्रयोगों पर जोर दिया। वैश्विक पैनलिस्टों में किरण देशपांडे, पूर्व सीईओ टेक महिंद्रा और मोजो नेटवर्क्स के



संस्थापक, और प्रणव शर्मा, अग्ना और वुडस्टॉक के संस्थापक शामिल थे, जिन्होंने निवेश के अवसर के रूप में ब्लॉकचेन पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। पैनल चर्चाओं में एचआर, मार्केटिंग, ऑपरेशनस और रियल वर्ल्ड एसेट्स के टोकनाइजेशन में ब्लॉकचेन के प्रभाव सहित विभिन्न विषयों को कवर किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ब्लॉकचेन भविष्य को कैसे आकार दे रहा है। पैनलिस्टों ने समुदाय के भीतर ब्लॉकचैन के प्रति विश्वास बनाने के लिए रेगुलेटरी ढांचे के महत्व पर जोर दिया और क्रिप्टोकरेंसी और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के बीच सूक्ष्म अंतरों पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रेस सम्मेलन में फॉर्मिडियम की नेतृत्व टीम ने भागीदारी से अपनी संतुष्टि व्यक्त की और न केवल जयपुर में बल्कि पूरे विश्व में ब्लॉकचेन विकास पर जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में तकनीकी प्रगति को बनाए रखने के लिए कुशल प्रतिभा को विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

फॉर्मिडियम के सह-संस्थापक और सीएसओ मनीष अग्रवाल, सह-संस्थापक और सीओओ नितिन सोमानी, सीटीओ राकेश कुमार, सह-संस्थापक और सीजीओ शालिन मदान, सीआरओ मंदार म्हात्रे, सीएमओ जॉन मैनली और हेड ऑफ फंड एडमिन क्रिस मैडर ने ब्लॉकचेन इको सिस्टम के विस्तार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया और भविष्य में वैश्विक सीमलेस ब्लॉकचेन सम्मेलनों की योजना की घोषणा की।

फॉर्मिडियम, एक वैश्विक फंड एडमिनिस्ट्रेटर है, जो प्रॉपराइटरी सीमलेस सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म से संवरधित है। फोरमीडियम ट्रेडिशनल और अल्टीरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड मैनेजमेंट कम्युनिटी को सर्वोत्तम श्रेणी और लागत-कुशल समाधान प्रदान करता है।

**प्लास्टिक मुक्त राज्य के लिए संकल्पित राज्य सरकार**

# प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प हर हाल में करेंगे साकार



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की सोच को शीघ्र ही साकार करने के क्रम में राज्य प्रदूषण नियंत्रण द्वारा किये जा रहे सार्थक प्रयासों की दिशा में अब मंडल के साथ निजी संस्थानों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी आगे आकर हर घर को प्लास्टिक केरी बैग्स से मुक्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कपड़े के थैलों का वितरण किया गया साथ ही प्रतिबंधित एकल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं उपयोग करने के लिए जागरूक भी किया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम चलायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर से ही लगातार कपडे के थैले व्यापक स्तर पर वितरित करने का कार्य किया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में एवं व्यापारिक दुकानों एवं संस्थाओं में प्लास्टिक की जगह कपडे के थैले दिखाई दें।

# सरकार मिलावट के मुद्दे को गंभीरता से लें-हाईकोर्ट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान हाईकोर्ट ने खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर सहित अन्य जानलेवा बीमारियां होने पर चिंता जताते हुए इसे रोकने के लिए बनाने कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, कृषि विभाग के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव, एसीएस गृह, एसीएस खाद्य सुरक्षा और एसीएस स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश इस संबंध में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

**शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को त्योहारों तक न करें सीमित :** अदालत ने कहा कि संबंधित अधिकारी खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर नियमित सैंपल की जांच करें और हर माह के अंत में अदालत में रिपोर्ट पेश कर इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आज लोग बहुत जिम्मेदारियों को पूरा करने में व्यस्त हैं। ऐसे में हम यह जानने के लिए बहुत कम समय देते हैं कि जो हम रोज खा रहे हैं, वह सुरक्षित है या नहीं। अदालत ने यह भी कहा कि वर्ष 2020 में खाद्य सुरक्षा मानक बिल बनाया गया था, लेकिन उसे अब तक कानूनी रूप नहीं दिया गया है। अदालत ने कहा कि सरकार मिलावट के मुद्दे को गंभीरता से लें, ताकि जीवन बचाया जा सके।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** जयपुर महानगर सेवा सप्ताह के अंतर्गत बेनाड रोड, बालाजी विहार - 6 स्थित मनोज क्लासेस प्रांगण में जगदीश सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मोतियाबिंद, कालापानी आदि की नि:शुल्क जांच कर व दवाइयां वितरित की गई एवं नि:शुल्क चस्मे भी बांटे गए साथ ही BP, डायबिटीज़ एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमावत ने बताया कि जगदीश सेवा संस्थान समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन चिकित्सा शिविर, ब्लड डोनेशन कैंप जैसे सेवा कार्य करता रहा है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मनोज कुमावत ने शिविर में भाग लेने वाले सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शक्ति प्रमुख ज्ञानेंद्र कौशिक, उप - सरपंच विकास पिपलोदा, चिराग सिंह, अभय सिंह, विक्रम सिंह, चंद्र मोहन सैनी, राजेंद्र सिंह भाटी, सुमित खंडेलवाल, करण सिंह, राकेश शर्मा, अरविंद सिंह, शंभू सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# म्यूजिक मेलोडी सीज़न 8 में संगीत प्रेमियों ने बिताई यादगार शाम



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** राष्ट्रीय संस्था म्यूज़िकल सफर इंडिया द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम म्यूजिक मेलोडी सीज़न 8 गुलाबी नगरी में एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख संगीतकारों और गायकों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मशहूर सारंगी वादक उस्ताद साबिर खान साहब की प्रस्तुति रही। शास्त्रीय संगीत में उनके योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से उस्ताद साबिर खान साहब को "द सारंगी मैस्ट्रो अवार्ड" से नवाजा गया। संस्थापक सपना पाठक और प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने बताया कि शास्त्रीय संगीत ही सभी प्रकार के संगीत का मुख्य आधार है। कार्यक्रम में बॉलीवुड कलाकार अकबर खान व कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में रमिता मित्तल, शैम्स वसीम खान, भानु बंसल, एम एल छाबड़ा, दीपक अरोड़ा, गुंजन सरीन अनिल भारद्वाज, अनीता छाबड़ा, अश्वनी वादवा, आशीष मेहता, दामिनी सक्सेना, सुरेखा मित्तल, धीरज कुमार, जुगल किशोर, कामिनी मुगलानी, कविता सिसोदिया, शैलेंद्र माथुर, किशन चंद मेंघानी, किशोर क्षत्रिय, मंजू माहेश्वरी, मनोज कुमार, मीनाक्षी सिंह, मिलन जोशी, मुकेश गुप्ता, रिचा माथुर, रितु माथुर, एस पी शर्मा, सीमा साह, शैलेंद्र महानोत, शरद माथुर, वीता माथुर आदि गायक कलाकार शामिल हुए।

# विप्र सेना ने किया डोटासरा का पुतला दहल



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा आईपीएस रवीदत गोड के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में विद्याधर नगर विधानसभा इकाई के द्वारा विद्याधर नगर परशुराम सर्किल पर गोविंद सिंह डोटासरा का पुतला जलाया गया। विद्याधर नगर विप्र सेना अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा ने बताया जिस प्रकार से डोटासरा ने बयान दिया है अगर उन्होंने सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगी आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान सुरेंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, राहुल शर्मा, रविकांत, अक्षित शर्मा ,पुरुषोत्तम शर्मा, लोभेश शर्मा, अधिवक्ता सुनील शर्मा के अलावा विप्र सेना विद्याधर नगर के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# ग्रीन कॉरिडोर में किया पौधरोपण



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** यूथ ब्रिगेड विद्याधर की ओर से महिपाल क़रीरी, देवेन्द्र ज्यानी, जितेन्द्र शर्मा, मनोज वर्मा, मुकेश वर्मा, नंदकिशोर अग्रवाल, धर्मेंद्र शर्मा, महेश खंडेलवाल ने अग्रवाल कैटर्स से बियानी के मध्य ग्रीन कॉरिडोर में मानसून के साथ पोधारोपण की शुरूआत की। इस मौके पर करीरी ने बताया की ये पोधारोपण निरंतर ख़ाली जगह चिन्हित कर करवाया जायेगा और पोधारोपण के साथ में लोगों को जोड़ना एवं जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

# जे.पी. कॉलोनी की मुख्य सड़क 120 फीट चौड़ी करने बाबत उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर सैक्टर-4, स्थित जे.पी. कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर तिराहा दुर्घटनाओं का सबब बनता जा रहा है। इस तिराहे पर मंदिर मोड से ट्रेफिक दबाव के साथ-साथ सीकर रोड, बियानी कॉलेज की ओर का ट्रेफिक इतना ज्यादा रहता है कि यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। 120 चौड़ी रोड अतिक्रमण के कारण मौके पर 60 फीट ही रह जाने के कारण यहां (स्टेशन, चाँदपोल, चौपड़) सिटी से आने वाला ट्रेफिक और सीकर रोड, विद्याधर नगर से जाने वाले ट्रेफिक इसी मार्ग से निकलते हैं। ऐसे में यहां जाम की स्थिति बनती रहती है। ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के साथ ही मुख्य सड़क के आसपास बने स्कूलों के छोटे बच्चों का भी इसी सड़क मार्ग से आना जाना



**बढ़ते ट्रेफिक के कारण दुघर्टना का अंदेशा**

रहता है। महिलाएं छोटे-बच्चों को पैदल ही इस सड़क से लाती और लेजाती है। ऐसे में दुर्घटना का भय हर समय बना रहता है। बीते दिनों जे.पी. कॉलोनी निवासी प्रकाश चन्द्र शर्मा का इसी तिराहे पर दो मालवाहक वाहनों के बीच फंस जाने से बड़ा एक्सीडेंट हो गया।

गौरतलब है कि इस 60 फीट चौड़ी रोड पर ही बड़े वाहनों का भी आवागमन बदस्तूर जारी रहता है। कई बार किसी विशेष कार्यक्रम के तहत सीकर रोड, अलका सिनेमा से ही यातायात को विद्याधर नगर होकर डायवर्ट किया जाता है तो इस सड़क पर कई घंटों का जाम लगना आम बात है।

वार्ड 24 के संयोजक पं. मनोज शर्मा ने बताया कि सुबह और शाम के समय इस मार्ग से निकलना दूभर हो जाता है। तीन तरफ से बढ़ते ट्रेफिक दबाव के कारण यहां जाम लगना आम बात हो रही है। शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को जे.पी. कॉलोनी की मुख्य सड़क को 60 फीट से 120 फीट चौड़ी करने के लिए ज्ञापन पत्र दिया गया है। ज्ञापन पत्र में कहां गया है कि जे.पी. कॉलोनी वार्ड-24 की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से अतिक्रमण का शिकार हो रही है। कुछ स्थानों पर तो सड़क तक अतिक्रमण कर लिया गया है।




> **यह जीत सितारों में लिखी हुई थी। ...**
> **मैं मानता हूं कि जो लिखा है, वह होकर रहेगा, जो हुआ है, वह पहले से लिखा था, लेकिन मैच से पहले यह पता नहीं होता कि क्या लिखा है, यही तो खेल है, यही गेम है, नहीं तो हम लोग आराम से आते कि लिखा ही है।...**
>
> *– रोहित शर्मा, कैप्टन*

# ...यही है भारत की नई ताकत



**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जब टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाई तो वह सिर्फ उनकी या टीम इंडिया की नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की उम्मीद की जीत थी। आखिर यह 17 साल के इंतजार के बाद आई थी। इससे दुनियाभर में भारतवंशियों में जज्बात का सैलाब उमड़ पड़ा। हमारा यह पेज आज जागरूक जनता के पाठकों की उसी भावना को दिखाता है।**

## 5 बातें इस विश्व विजय की

## वर्ल्ड कप में जानदार जीत ऐसे बनती गई स्पेशल

### 1 इमोशनल किया रे

मैच जीतने की खुशी के बीच आंखें नम करने वाले कई पल आए। कप्तान रोहित ने बारबाडोस के मैदान पर जीत का झंडा गाड़ दिया। मैदान की पिच का स्वाद उसी तरह से चखा, जैसा की नोवाक जोकोविच विंबलडन जीतने के बाद करते हैं। विराट के गले लगे। हार्दिक को भी जादू की झप्पी दी। खास लम्हा विराट और अर्शदीप का भांगड़ा भी रहा। जब ट्रॉफी उठाने की बारी आई तो रोहित छोटे-छोटे कदम बढ़ाते हुए मंच तक आए। वैसे ही, जैसे फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने ट्रॉफी उठाई थी।

### 2 अब तक 6 ICC ट्रॉफी जीतीं

1983 में पहली बार वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह छठा मौका है, जब भारत ने कोई ICC ट्रॉफी जीती। इसके साथ भारत दूसरी बार T20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना। इससे पहले टीम इंडिया 2007 में यह कप जीती थी। वहीं, 2011 में वनडे वर्ल्ड कप नाम किया था। इसके अलावा 2002 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। T20 वर्ल्ड कप में सारे मैच जीतने के साथ टूर्नामेंट जीतने वाला भी भारत पहला देश बना है।



### 3 PM ने फोन कर बधाई दी

ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम को फोन कर बधाई दी। मोदी ने रोहित शर्मा से कहा कि आपकी आक्रामक सोच, बैटिंग और कप्तानी ने भारतीय टीम को नया आयाम दिया है। कोहली पर पीएम ने कहा कि खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। पीएम ने जसप्रीत बुमरा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और कोच राहुल द्रविड़ की भी तारीफ की।

### 4 पैसों की बारिश

BCCI ने टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया है। विजेता टीम को ICC से 20.42 करोड़ रुपये (करीब 24.5 लाख डॉलर) की प्राइज मनी दी गई। साउथ अफ्रीका को 10.67 करोड़ रुपये (लगभग 12.8 लाख डॉलर) मिले। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमरा को साढ़े 12 लाख रुपये, फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे विराट कोहली ने 4.16 लाख रुपये (5,000 डॉलर) जीते।

### 5 साउथ अफ्रीका का अच्छा समय आना बाकी

साउथ अफ्रीका ने पूरे T20 वर्ल्ड कप में अद्भुत प्रदर्शन किया और फाइनल में पहुंचने तक एक भी मैच नहीं हारा था। हर विश्वकप में सेमीफाइनल में बाहर होने के लिए 'चोकर्स' कही जाने वाली अफ्रीकी टीम ने इस बार इस टैग को भी तोड़ दिया। साउथ अफ्रीका ने आज तक सिर्फ एक ही ICC ट्रॉफी (1998 में चैंपियंस ट्रॉफी) जीती है।

## इस तरह पूरी टीम ने मिलकर लिखी जीत की इबारत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **नई दिल्ली:** बारबाडोस में वर्ल्ड चैंपियंस के जश्न के भावुक पलों के बीच एक तस्वीर उभरी। चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा अपने जांबाज योद्धाओं में से एक - हार्दिक पंड्या का गाल चूम रहे हैं। कुछ क्षणों का यह स्नेह आलिंगन यूं तो सामान्य और जीत के उत्सव के बीच भावनाओं का सामान्य प्रकटीकरण लग सकता है। मगर, इसमें गंभीर संदेश छुपा है- हमारे बीच कुछ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन बात जब टीम इंडिया की हो तो हमारा मकसद एक है।

### सवालों को विराम देती जीत


यशस्वी जायसवाल

वर्ल्ड कप से पहले मात्र यही नहीं, टीम को लेकर कई सवाल थे। क्या रोहित शर्मा को ओपन करना चाहिए? अगर रोहित ओपन करें तो क्या उनके साथ लेफ्टी यशस्वी जायसवाल को नहीं उतारना चाहिए? क्या विराट कोहली इस फॉर्मेट की वर्ल्ड कप टीम में होने के हकदार भी हैं? रोहित-विराट के बीच सब कुछ ठीक है? ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पर कुछ ज्यादा ही भरोसा नहीं किया जा रहा है? ऐसे और ना जाने कितने सवाल थे जिनके जवाब इस खिताबी जीत से मिल गए हैं।

### मैच विनर 'विराट' की अहमियत

सोचिए जरा उस प्लेयर पर कितना प्रेशर रहा होगा, जिसने बारबाडोस में फाइनल से पहले तक स्ट्राइक रेट तो दूर, कोई ऐसा स्कोर भी नहीं किया था, जो उसको लेकर भरोसे की नींव तैयार करे। मगर कप्तान को अपने इस 'विराट' मैच विनर पर भरोसा था। उन्होंने फिफ्टी लगाई। भले ही 128 के स्ट्राइक रेट वाली उनकी पारी धीमी रही, लेकिन क्लासेन के 192 के स्ट्राइक रेट वाली फिफ्टी पर भारी पड़ी। रोहित उनकी अहमियत समझते थे और उन्होंने ट्रॉफी उठाने के बाद उसे बयां किया, 'बड़े मौकों पर बड़े खिलाड़ी काम आते हैं।'



PTI

### हार्दिक पर भरोसा



बीते छह महीनों से रोहित और हार्दिक को लेकर कितना कुछ कहा और लिखा गया था। लेकिन फाइनल के 16वें ओवर के बाद जब साउथ अफ्रीका के लिए समीकरण 24 गेंद में 26 रन का था और ट्रॉफी फिसलती नजर आ रही थी, तो रोहित ने हार्दिक पर ही भरोसा किया। 'जोड़ी ब्रेकर' हार्दिक की पहली डिलिवरी मैजिक बॉल साबित हुई। क्लासेन का विकेट अहम मोड़ था तो यही रोहित-हार्दिक रिश्तों पर उठ रहे तमाम सवालों का जवाब भी था।



### हमेशा प्रेरित करते रहेंगे ऋषभ पंत...

ट्रॉफी उठाए चेहरों में से ऋषभ पंत भी थे। खिताबी मुकाबले में बल्ले से वह स्पेशल नहीं दे पाए, लेकिन टूर्नामेंट के कुछ मैचों में नंबर तीन पर बैटिंग का खास रोल उन्होंने बखूबी निभाया। 18 महीने पहले भयावह सड़क हादसे में बाल-बाल बचे ऋषभ पिछले साल इन्हीं दिनों तक अपने पैरों पर ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। आज वह चैंपियन हैं। बुलंद हौसलों वाले पंत की दास्तान प्रेरित करती रहेगी। हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमरा भी पिछले कुछ वर्षों में करियर पर विराम लगाने वाली चोटों से दो-चार हुए हैं। इनकी भी ऐसी गंभीर सर्जरी हुई जिससे वापसी करना आसान नहीं होता। मगर ये लौटे और क्या खूब लौटे।

### सूर्यकुमार यादव का मैच विनिंग कैच

सूर्यकुमार यादव के जिक्र के बिना इस वर्ल्ड कप जीत की कहानी अधूरी रहेगी। पिछले वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में 28 गेंद पर 18 रन और अब अपने पसंदीदा फॉर्मेट के सबसे अहम मैच में 4 गेंद पर 3 रन। संभव है कि ये बातें किसी और खिलाड़ी को अंदर से तोड़ देतीं। मगर सूर्य ने बेहद दबाव की स्थिति में जिस आसमानी छलांग और संतुलन के साथ शर्तिया सिक्स को कैच में बदला वह टीम इंडिया की दृढ़ इच्छाशक्ति की यादगार तस्वीर बन गई। बल्ले से मैदान के हर कोने में सिक्स मारकर मैच जीतने वाले इस 'मिस्टर 360 डिग्री' खिलाड़ी ने बताया कि एक सिक्स रोककर भी मैच जीता जा सकता है।




### ...और आखिर में सुपर कूल कोच

Agency



आखिर में, उस शख्स की बात जो 7 महीने पहले वनडे वर्ल्ड कप की निराशा के बाद अपना कार्यकाल खत्म होने पर हेड कोच के पद को स्वीकारने को तैयार नहीं था। काफी प्रयासों के बाद एक और वर्ल्ड कप तक मार्गदर्शक बनने को तैयार हुए राहुल द्रविड़ का रोल भुलाया नहीं जा सकता। उन पर काफी दबाव था। मगर, इस 'सुपर कूल' पूर्व कप्तान ने टीम में 'शांत मन' वाला भाव भरा। दबाव में शांत रहकर फैसले करने से ही टीम इंडिया ने कई लक्ष्य हासिल किए। तमाम सवालों, विरोधाभासों को एकजुटता से सकारात्मक ऊर्जा में बदलकर भारतीय क्रिकेट टीम फिर शिखर पर पहुंच गई है। यही है भारत की नई ताकत।



## जागरूक खबरें

### विवि वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुये रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करे- मिश्र

» जागरूक जनता @ कोटा। राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुये रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें। मिश्र मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालयों को कौशल विकास से संबंधित शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुये 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना को साकार करने का आह्वान किया।

### पुलिस कर्मियों का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। महिला पुलिस थाना इंचार्ज कृष्णगोपाल बुनकर, पुलिस लाईन एएसआई रामेश्वर लाल व ट्रेफिक शाखा हेड कांस्टेबल चेनसिंह के सेवानिवृत्त होने तथा राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान में नये सदस्य के रूप में जुड़ने पर स्वागत किया गया। फैज मोहम्मद ने बताया कि महाराणा भोपाल छात्रावास में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों, साथियों ने उनका साफा बंधवा, माला पहना, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर ओमप्रकाश उपाध्याय, लालसिंह भाटी, उपाधीक्षक बंशीलाल, रिजर्व इंस्पेक्टर अनिल पांडे, शिव शर्मा, चंद्रशेखर, पृथ्वीसिंह हाडा, उदयसिंह, भरतसिंह, छोटूसिंह, भुनेश्वर पुरोहित, हेमंत सिंह, शंभूगिरी, भंवरसिंह, शंकर सिंह, अर्जुनसिंह भाटी, किशन सिंह, नारायणसिंह, लक्ष्मणसिंह, श्यामलाल शर्मा, मोहम्मद सत्तार खान, घनश्याम दशोरा, पुरुषोत्तम दशोरा, इशाक मोहम्मद, बलवंत सिंह, लक्ष्मणसिंह, अय्यूब खान, रामेश्वरलाल, कैलाश चाष्टा, रईस मोहम्मद, एजाज मोहम्मद सहित संगठन के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सेवानिवृत्त पुलिसकार्मिक उपस्थित रहे।

### पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय का शिलान्यास

# नए कानूनों प्रति आमजन को जागरूक करे- कच्छवा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भुसावर(भरतपुर)।** ब्रिटिश कालीन कानून को बदला गया है एक जुलाई से तीन नए कानून लागू हुए हैं जिसमें भारतीय न्याय संहिता भारतीय सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम इनके लिए आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है जिसके लिए आप सभी को विशेष कर सीएलजी सदस्य व अन्य राजनीतिक पार्टियों से जुड़े हुए व्यक्तियों के साथ प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इन नियमों के बारे में लोगों को बतलाकर कानून के प्रति जागरूक करें यह कहना है भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा का । कच्छावा भुसावर कस्बे के छोकरवाड़ा रोड स्थित श्री आर्य महिला विद्यापीठ के सामने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय भवन के शिलान्यास अवसर पर बतौर अध्यक्ष अपना उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में वैर- भुसावर उपखंड अधिकारी सचिन यादव, भुसावर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव एवं इटामडा सरपंच रही। कच्छावा ने कहा कि आमजन की सुरक्षा बेहतर संसाधनों के साथ उचित स्थान पर कार्यालय से विधिवत संपन्न हो सकती है।




### दो दशक से किराए के भवन में चल रहा है कार्यालय

भुसावर में मार्च 2000 में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय स्वीकृत हुआ, जिसमें सर्वप्रथम श्याम सिंह आरपीएस जोकि वर्तमान में आईपीएस हैं ,पदस्थापित हुए जिन्होंने इसी रोड पर कार्यालय भवन का कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रारंभ की, तत्कालीन परिस्थितियों के कारण स्थगित रही। उसके बाद अभी तक उक्त कार्यालय किराये के भवन में संचालित है। कुछ दिन पूर्व भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक पद पर पद स्थापित रहे श्याम सिंह आईपीएस ने भी इस भवन निर्माण के प्रयास किये। वर्तमान पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के अथक प्रयास एवं वर्तमान भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली के सहयोग व राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आशीर्वाद एवं अतिक्रमणियों द्वारा सहजता पूर्वक अपना अतिक्रमण छोड़ने से भवन का निर्माण संभव हो सका है।

### 50 लाख मिले विधायक कोटे से

मुख्य अतिथि के रूप में अपना चिरपरिचित अंदाज में उद्बोधन देते हुए विधायक बहादुर सिंह कोली ने कहा कि कार्यालय ऐसे स्थान पर निर्माण किया जा रहा है जहां से सभी ि याकलाप सामने से ही देखेंगे जिन्हें अधिकारी देखकर अपने विवेक से क्षेत्र के लिए अच्छा कार्य कर जनमानस में पुलिस का गौरव बढ़ाएंगे। राज्य सरकार से विधायक कोटे की राशि का जिक्र करते हुए कहां कि सरकार की ओर से उन्हें जो 3 करोड़ का फंड मिला है उसको उन्होंने सभी जगह जहां नए भवन बनने हैं, वहां नए भवनों के लिए जहां मरम्मत आदि के कार्य होने हैं वहां मरम्मत आदि कार्यों के साथ आवश्यकता वाले विभागों को स्वीकृत किया है।

**88 लाख का है तकमीना, विधायक कोटे से मिले 50 लाख**

### 88 लाख का तकमीना है भवन का

**भुसावर** पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस भवन का 88 लाख का तकलीना है जिसमें 50 लाख रुपए विधायक कोटे से स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली ने स्वीकृत किए हैं। 5 लाख रूपये इटामडा सरपंच द्वारा राशि स्वीकृत की गई है। शेष राशि जन सहयोग से प्राप्त कर भवन निर्माण होगा।

### इनका हुआ सम्मान

**अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक वेर जयनारायण मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना बृजेंद्र सिंह भाटी, पुलिस उपाधीक्षक बयाना अमर सिंह मीणा, भुसावर पुलिस उपाधीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा।

# रणथम्भौर में बढ़ेगा बाघों का कुनबा, बनेगी नई टेरेटरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सवाईमाधोपुर।** रणथभौर में मौजूदा पर्यटन सत्र खत्म होने के कगार पर है। लेकिन यहां पर वन्यजीव प्रेमियों के लिए सुखद खबर भी सामने आ रही है। दरअसल, रणथभौर बाघ परियोजना में करीब चार बाघिनें शावकों के साथ विचरण कर रही है। जिन्हें वन विभाग की ओर से आने वाले समय में शावकों के व्यस्क होने पर अलग से नबर जारी किए जाएंगे। ऐसे में आने वाले समय में रणथभौर में बाघ-बाघिनों की एक युवा-भावी पीढ़ी तैयार होगी। इससे रणथभौर में वाइल्ड लाइफ टयूरिज्म बढ़ेगा।

### आठ माह से एक साल के बीच है शावकों की उम्र

वन अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बाघिन रिद्धी, एरोहैड, सुल्ताना और शक्ति के शावकों की उम्र करीब आठ माह से एक साल के बीच में है। वन विभाग की ओर से शावकों के करीब डेढ़ साल के होने और अपनी मां से अलग होकर अपनी टेरेटरी बनाने के बाद वन विभाग की ओर से नए शावकों को भी अलग से नबर जारी किए जाते हैं।

**एरोहैड ने बाघों से बनाई दूरी :** पूर्व में कई बार बाघिन एरोहैड रणथभौर के युवा बाघ टी-120 यानि गणेश के साथ विचरण करती नजर आई है, लेकिन वर्तमान में बाघिन एरोहैड ने बाघ से दूरी बना ली है। गत दिनों रणथभौर के जोन दो के नालघाटी वन क्षेत्र में बाघिन एरोहैड अपने तीन शावकों के साथ नाले में आराम फरमा रही थी तभी वहां बाघ टी-120 बाघिन टी-105 यानि नूरी के साथ आ पहुंची, लेकिन एरोहैड ने बाघ से दूरी बना कर रखी। वन्यजीव विशेषज्ञों की मानें तो आम तौर पर बाघिन शावकों के छोटा होने पर सुरक्षा के मद्देनजर बाघों से दूरी बनाकर रखती है।



### चार बाघिनें कर रहीं शावकों के साथ विचरण

**वन** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में रणथभौर के मुय जोन यानि एक से पांच में करीब चार से अधिक बाघिनें शावकों के साथ विचरण कर रही हैं। इनमें जोन एक में बाघिन टी-107 यानी सुल्ताना तीन शावकों के साथ, जोन दो और तीन में बाघिन टी-124 यानी रिद्धी और बाघिन टी-84 यानी एरोहैड तीन- तीन शावकों के साथ विचरण कर रही है। इसी प्रकार जोन चार और पांच में बाघिन टी-111 यानी शक्ति भी तीन शावकों के साथ विचरण कर रही है।

**यह** सही है कि वर्तमान में रणथभौर में कई बाघिनें शावकों के साथ विचरण कर रही हैं और शावक धीरे-धीरे बड़े हो रहे हैं। शावक बड़े होने के बाद आम तौर पर मां से अलग होकर अपनी अलग टैरेटरी बनाते हैं। जहां तक शावकों को नबर देने की बात है तो यह उच्च स्तरीय मामला है। इस संबंध में कुछ नहीं कह सकता।

**-मानस सिंह,** कार्यवाहक उपवन संरक्षक, रणथभौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर

### # Pashupaln Tikakaran : पशुपालन विभाग में भी ऑनलाइन पंजीयन के बाद ही हो रहा है टीकाकरण

# पशुपालकों को साइबर फ्रॉड का डर, ओटीपी ना बाबा ना...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं/जयपुर।** सभी सरकारी विभागों की तर्ज पर अब पशुपालन विभाग में भी टीकाकरण ऑनलाइन पंजीयन के बाद हो पा रहा है। इसके लिए पशुपालक ओटीपी बताने से कतरा रहे है। पशुपालकों को डर रहता है कि कहीं वे साइबर फ्रॉड का शिकार नहीं हो जाए। खास बात यह है कि जब तक ओटीपी नहीं मिलेगी, तब तक पशु का पंजीयन नहीं होगा। इससे पशु टीकाकरण से वंचित रहेगा। जयपुर ग्रामीण के चौमूं नोडल परिक्षेत्र में पशु चिकित्सा विभाग की ओर से 4 से 9 माह के बछड़ियों एवं पाडियों के ब्रूसेला बीमारी से बचाव को लेकर करीब 15 दिन से टीकाकरण किया जा रहा है। लंपी बीमारी की रोकथाम को लेकर भी एक सप्ताह से गोवंश के टीकाकरण का काम प्रगति पर है, लेकिन पशुपालकों की जागरूकता की कमी से दोनों टीकाकरण प्रभावित हो रहे है। चौमूं नोडल की बात की जाए तो ब्रूसेला टीकाकरण का करीब 8 हजार और लंपी से बचाव को लेकर 12 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य है, लेकिन पशुपालकों में जागरूकता की कमी से टीकाकरण का काम धीमा चल रहा है।



### टीकाकरण के लिए 14 टीमें बनाई

पशुओं में होने वाली दोनों बीमारियों के बचाव को लेकर टीके लगाने के लिए 14 टीमें बनाई गई है। पशुधन सहायकों का कहना है कि ओटीपी को लेकर वे परेशान है। कई बार सर्वर तो कई बार पशुपालक की ओर से ओटीपी नहीं बताने से परेशानी बढ़ रही है। जबकि टीकाकरण के लिए पंजीयन जरूरी है। यह पंजीयन तभी संभव है, जब ओटीपी पशुपालक की ओर से देना होगा। पशुपालन विभाग में भी टीकाकरण ऑनलाइन पंजीयन के बाद हो पा रहा है। इसके लिए पशुपालक ओटीपी बताने से कतरा रहे है। पशुपालकों को डर रहता है कि कहीं वे साइबर फ्रॉड का शिकार नहीं हो जाए।

### 15 दिन में 1200 पशुओं के लगाए टीके

**नोडल** पशु चिकित्साकर्मियों ने बताया कि 15 दिन से ब्रूसेला बीमारी से बचाव को लेकर पशुधन के छोटे बच्चों के टीके लगाने का काम किया जा रहा है। अब तक महज 1200 छोटे बच्चों को टीके लग पाए है। इधर, लंपी बीमार से बचाव को लेकर भी महज 6 हजार गोवंश के टीके लग पाए है। लक्ष्य करीब 14 हजार से अधिक है। पशुपालकों में जागरूकता की कमी से टीकाकरण का काम प्रभावित होता दिख रहा है।

### देनी पड़ती गारंटी

**पशुधन** सहायकों ने बताया कि टीकाकरण करने के लिए ऑनलाइन डाटा फीड करना होता है। पंजीयन के लिए पशुपालक के मोबाइल पर ओटीपी पहुंच जाती है, लेकिन कई पशुपालक ठगी का शिकार होने के भय से ओटीपी नहीं बताते है। कर्मियों को कई बार पशुपालकों को साइबर फ्रॉड नहीं होने की गारंटी देनी पड़ती है। आसपास के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से कहलवाने पर ही पशुपालक ओटीपी बताते है।

# भाविप ने बालिकाओं व महिलाओं का किया सम्मान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश एक ऐसे कर्मयोद्धा थे जिन्होने स्वस्थ्य समर्थ और संस्कारित भारत की परिकल्पना की थी, जिन्होंने देखा कि समाज के अभिजात्य वर्ग और समृद्ध लोग प्रायः स्वार्थी, आत्मकेन्द्रित और समाज से विमुख होते जा रहे हैं ऐसी निराशाजनक स्थिति में उन्हें एकत्रित कर सामाजिक जीवन में परिवर्तन लाने हेतु भाविप की स्थापना की और तीन दशकों तक अथक प्रयास कर विशाल संगठन का रूप दिया। आज भाविप देश का सबसे बडा सेवा संगठन है। ये विचार रीजनल सचिव कमल जैन ने चितौड़ शाखा द्वारा डॉ सूरज प्रकाश के जन्म जयन्ति के अवसर पर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र राजीव नगर में आयोजित बैठक में व्यक्त किये। बैठक में भारत को जानो प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन पर चर्चा की गई। डॉ प्रकाश की जन्मजयन्ति से परिषद के स्थापना दिवस 10 जुलाई तक सेवा पखवाडे के रूप मे मनाने का निर्णय किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल कृष्ण धूत द्वारा की गई। नरेंद्र कुमार जोशी ने संचालन किया व सम्मानित सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाव नोट किये। सेवा पखवाड़े के चलते परिषद द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त परित्यक्त असहाय महिला कृष्णा मीणा को सिलाई मशीन भेंट की गई ताकि स्वयं आत्म निर्भर बन अपना जीवनयापन कर सके। इस दौरान शशि सनाढ्य, सीताराम मालीवाल, ऋषभ सुराणा, अर्चना मोदानी द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षिका संगिता जैन व सहायक राकेश शर्मा सहित प्रशिक्षणार्थी महिलाओ एवं बालिकाओं का सम्मान किया।

### रबी फसल के लिए खेत को खाली न छोड़े

# गोबर की खाद के विकल्प में हरी खाद बेहतर विकल्प - डा. उदयभान सिंह

» जागरूक जनता @ भुसावर (भरतपुर)। रवि की फसल में सरसों की बुवाई के लिए खेतों को पडत नहीं छोड़ना चाहिए। रबी की फसल में सरसों की बुराई के लिए खेत की तैयारी के लिए जुताई करते रहे । घास होने पर पशु भी खाली खेत में चढ़ते हैं जिसे खेत की खुदाई होती है खेत की मिट्टी कठोर हो जाती है यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर उदयभान सिंह का। डॉक्टर उदयभान सिंह के अनुसार खेत को खाली छोड़ने के बजाय उसमें ढांचा बोकर हरी खाद बनानी चाहिए इसके लिए 20 किलोग्राम ढैचा बीज प्रति हेक्टर डालकर 40 से 45 दिन की फसल अवस्था पर मिट्टी पलटने वाले हल या डिस्क हैरो से जुताकर के खेत में दबा दें। जुताई के बाद वर्षा होने अथवा खेत में नमी होना आवश्यक है ताकि ढेचा संकेत अच्छी खाद बन जाए हरी खाद से खेत में कार्बन की मात्रा बढ़ती है तथा उर्वरा शक्ति बढ़ाने से खेत मजबूत होता है इससे अगली रवि की फसल अच्छी होती है गोबर की खाद की कम उपलब्धता की स्थिति में हरी खाद बेहतर विकल्प है।

### मुख्यमंत्री ने किया शिविर का उद्घाटन

# रायपुर में 750 दिव्यांगों को एनएसएस ने दिए कृत्रिम अंग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान द्वारा रायपुर में आयोजित शिविर में 750 से अधिक दिव्यांगजन को अपर-लोवर कृत्रिम अंग व कैलिपर प्रदान किए गए। शिविर का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया।

विशिष्ट अतिथि राज्य के युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुंरदर मिश्रा व अनुज शर्मा थे। मुख्यमंत्री ने संस्थान संस्थापक कैलाश 'मानव' व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने की मुहिम की प्रशंसा की। शिविर में मुख्यमंत्री ने उन्हें नियमानुसार राज्य की ओर से सहायता का आश्वासन भी दिया।

प्रारंभ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री व विशिष्ट अतिथियों का पगड़ी, शॉल, उपरणा और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। संस्थान निदेशक देवेंद्र चौबीसा व जनसम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने शिविर में उपस्थित मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा व समाजसेविका संजना देवी को सम्मानित किया।



अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि मार्च में रायपुर में जिन 756 दिव्यांगजन के कटे हाथ-पांव के माप लिए गए थे, उन सभी के इस शिविर में विशेषज्ञ तकनीशियनों द्वारा कृत्रिम अंग लगाए गए हैं। शिविर के दौरान दिव्यांगजन के बैडमिंटन व फुटबॉल के संक्षिप्त प्रदर्शन मैच भी हुए। शिविर में 315- ओवर लिंब, 120 -अपर लिंब, 80 मल्टीपल और 280 कैलीपर लगाए गए।

# लावारिस घूम रहे विमंदित युवक को अपना घर भेजा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भुसावर (भरतपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 गांव हलैना से एक दुकानदार की सूचना पर लावारिश घूम रहे एक विमंदित युवक को अपनाघर सेवा समिति, भुसावर द्वारा पुलिस सहयोग से एम्बुलेंस में सवार कर बझेरा, भरतपुर अपनाघर आश्रम भेजा गया।

अपनाघर सेवा समिति, भुसावर संरक्षक सीमा लवली भारती ने बताया गांव हलैना निवासी दुकानदार ओमवीर चौधरी ने सूचना दी कि एक विमंदित युवक कई दिनों से लावारिश घूम रहा है। सूचना मिलते ही अपना घर सेवा समिति संरक्षक सीमा लवली अपने साथ समिति अध्यक्ष मनीराम धाकड़, सदस्य राजेन्द्र फेंटा को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। जहां उक्त लावारिश प्रभुजी से बातचीत कर जानकारी लेनी चाही। तो वे अपना नाम विशाल व पिता का नाम मोहन लाल बताया। उन्हें समिति कार्यालय भुसावर लाया गया। जहां भूखा होने पर उन्हें भोजन कराया। इसके बाद प्रभुजी को पुलिस के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा बझेरा स्थित आपनाघर आश्रम भेज दिया। इस मौके पर समिति सदस्य व अन्य का विशेष सहयोग रहा।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म

दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ........................................

पता : ........................................

........................................

फोन ........................ पिन कोड

राशि (रुपए) ........................ बैंक का नाम ........................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ........................रसीद क्रं. ..................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

# परसरामका परिवार ने लगाये 2 ठंडा जल कियोस्क

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** विश्व डॉक्टर दिवस के शुभ अवसर पर चित्तरंजन सेवा सदन एवं चितरंजन राष्ट्रीय केंसर संस्थान हाजरा मोड, कोलकाता के कैम्पस में दो स्वसंचालित,ठंडे पेजल कियोस्क का लोकार्पण किया गया। प्रथम स्वर्गीय विमला आर परसरामका जी की पुण्य स्मृति में निर्मित एवं स्थापित किया गया जो परसरामका परिवार, नारायणी नमो नमो एवं स्वास्तिक ग्रुप द्वारा प्रायोजित है। द्वितीय सुदर पाड़ा निवासी स्वर्गीय राधे श्याम मित्तल एवं स्वर्गीय दिनेश कुमार की पुण्य स्मृति में मनोज रेखा मित्तल एवं आशुतोष अंजू मित्तल द्वारा प्रायोजित है। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार की सदस्या रेखा मनोज मित्तल परिवार एवं परसरामका परिवार द्वारा "जल सेवा ट्रस्ट" के संयोजन में प्याऊ का लोकार्पण अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। परसरामका परिवार की ओर से कविता परसरामका एवं मनोज तुलस्यान उपस्थित रहे। गर्मी में शीतल पेयजल प्याऊ का लोकार्पण हम सभी के लिए हर्ष की बात है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया, संतोष अग्रवाल, संगीता सेक्सरिया, रश्मि टांटिया, रेखा गोयनका, सरिता अग्रवाल, मनीषा पाटोदिया, नारायण दास राठी, मीना चौधरी, कमल अग्रवाल, रमेश कुमार शोभासरिया, विजय अग्रवाल, बिनोद बंसल, सुभाष सराफ, संदीप सेक्सरिया, मधु मित्तल, रेखा मित्तल, मनोज मित्तल, किरण मस्करा, सुनील जोधानी, अंजू केड़िया, श्रद्धा हमीरवासिया, सुनीता जैन, संगीता अग्रवाल आदि सदस्यो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जलसेवा ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश खेमका उपस्थित रहे।







# ब्रह्मचारी शिवानंद महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

**खातेगांव (बीजलगांव) @ जागरूक जनता।** देवास जिला के बीजल गांव स्थित उत्तर तट मां नर्मदा मंदिर में गुरू पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को ब्रह्मचारी शिवानंद महाराज के सान्निध्य में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महाराज शिवानंद ने बताया कि गुरुपूर्णिमा के दो दिवसीय कार्यक्रम में आचार्य श्री शिवप्रसाद पंडा एवं श्री श्री 108 श्रीरामदासजी महाराज की उपस्थिति में आयोजन होगा।



कार्यक्रम में आषाढ़ शुक्ला चौदस 20 जुलाई को श्रीरामचरित मानस पारायण प्रारंभ होगी और 21 जुलाई को पारायण का विश्राम होगा। इस दौरान भक्तजन भजनों की प्रस्तुति देंगे। 21 जुलाई गुरूपूर्णिमा को प्रातः ध्वज पूजन, प्रवचन, सत्यनारायण कथा, हवन, गुरुपूजन, गुरुआरती, नर्मदाजी आरती, गुरु आशीर्वाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गुरुपूर्णिमा के अगले दिन श्रावण कृष्णा एकम से कथा रामचरित मानस का आयोजन होगा जो श्रावण कृष्णा अमावस्या तक जारी रहेगा। कथा वाचन पं. महेशराज महाराज भगवतगढ़ (राजस्थान) वाले करेंगे।

**नए आपराधिक कानून लागू**

### भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पूरे देश में प्रभावी

# अब दंड की जगह न्याय, देरी की जगह तुरंत होगी सुनवाई-शाह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर में नए आपराधिक कानून लागू होने के बीच कहा कि अब तीन नए कानूनों के कार्यान्यिन के बाद दंड की जगह न्याय होगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी। शाह ने यहां नए आपराधिक कानूनों के संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली स्वदेशी हो रही है और यह भारतीय लोकाचार के आधार पर चलेगी।

भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है।



शाह कहा, ''तीनों आपराधिक न्याय कानूनों के कार्यान्वयन से सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना होगी।'' उन्होंने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से दंड की जगह न्याय मिलेगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई एवं त्वरित न्याय होगा।

गृह मंत्री ने देश के सभी दलों से राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर आपराधिक न्याय कानूनों का समर्थन करने की अपील की और कहा कि यदि विपक्ष के किसी भी नेता को नए आपराधिक कानूनों को लेकर कोई चिंता है तो वह उनसे मिलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि नयी आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में 22.5 लाख से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए 12,000 से अधिक 'मास्टर' प्रशिक्षक तैनात किए गए और नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

### कानूनों पर चार वर्ष से अधिक समय तक विचार-विमर्श

**शाह ने** कहा कि पुरानी व्यवस्था में केवल पुलिस के अधिकार सुरक्षित थे, लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकार सुरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि इन तीनों आपराधिक न्याय कानूनों पर चार वर्ष से अधिक समय तक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए आपराधिक न्याय कानूनों के तहत दोषसिद्धि दर 90 प्रतिशत तक होगी और अपराधों में कमी आएगी।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...
Natural Immunity Booster
Kabira®
Healthy Growth
Yellow Mustard Oil
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER
one of the OLDEST OIL known to HUMAN
Approved by WHO GMP

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।
▸ प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
▸ निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
▸ निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
▸ केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
▸ मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
▸ एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
▸ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
▸ केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
▸ मोटापा घटाने में लाभदायक ।
▸ बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
▸ ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
▸ तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
▸ अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
▸ सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
▸ छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil
स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमुखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
# For Award Details : Contact 98290-50738
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

SARASWATI CHILDREN'S ACADEMY
C-82-83,Vidhyadhar Nagar (Old), Jaipur, M. : 9414752392, 8386984330

सन्तोष शर्मा
संरक्षक
MA (हिन्दी) B.Ed.
मन की बात
संस्कार
बच्चे को उपहार न दिया जाए, तो वह कुछ देर रोएगा, मगर 'संस्कार' न दिए जाएं तो जीवन भर रोएगा।
वर्तमान समय में जैसे-जैसे शिक्षित नागरिकों का प्रतिशत बढ़ रहा है वैसे-वैसे जीवन मूल्यों में गिरावट आ रही है । इसका कारण है पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव और संस्कारों के प्रति उदासीनता । परिवार बालक की प्रथम पाठशाला है और माता-मिता प्रथम शिक्षक । लेकिन आज अमूमन परिवारों मे चाहे वह अमीर हो या गरीब । बच्चों को सुख सुविधाएं तो भरपूर देने का प्रयास होता है, परन्तु उन्हें अनुशासन, परिश्रम, समय की पालना, अपनी संस्कृति का ज्ञान, जिद न करना, माता-पिता से चीख कर व जोर से बात न करना, समय से पहले वह चीजें न देना जिनके लायक वह अभी नही हुआ । इन बातों पर अमूमन और खास-तौर से गली मौहल्ले के बच्चों के अभिभावकों का ध्यान तो बहुत ही कम जाता है, क्योंकि वह अपनी जद्दो जहद में ही लगे रहते है ।

ADMISSIONS OPEN

"NO ADMISSION FEES" All Students
FREE Nursery to Prep • Books & • Uniform
ADMISSION from the age of 2½ Year onwards
RTE Seats 25%
Completion of Play Group & Nursery in one Year
Qualified Teachers Required
Vehicle Facility

नैतिक मूल्यों को समर्पित शिक्षण संस्था
सरस्वती शिक्षा सदन सै. स्कूल
विद्या ददाति विनयम्
सी-68-70, विद्याधर नगर (ओल्ड), जयपुर
Ph. :0141-2337215, M. : 9414752392, 9785220336
माध्यमिक परीक्षा 2023-24 में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं (अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम)

निखिल 89.33% | रोहित 86.83% | विशाल 86.00% | मो. अरमान 83.00% | हर्षितपाल 80.17% | मुस्कान (गार्गी) 78.83%

जिया (गार्गी) 78.67% | मारूफ 78.50% | यशराज 76.83% | ताशीन 76.83% | आर्यन 76.33% | मो. समीर 75.00%
धर्मेन्द्र 74.83% | नीलेश 74.17% | अशरफ 73.83% | रोहित 73.17% | संजय 72.33% | यतेन्द्र 68.33% | आयशा 68.33%
मो. आदिल 69.67% | समीर 68.67% | मो. श्याम 67.67% | मोहित 67.33% | मधु 66.33% | विशा 66.17% | करण 66.00% | इंशा खान 65.83%
मंसूरा 64.00% | रौनक 63.83% | इलमा 62.17% | शिल्पी 61.17% | जया 60.50%
नो एडमिशन फीस
नर्सरी से UKG/Prep
किताबें निःशुल्क
एक यूनीफार्म निःशुल्क
केवल नए विद्यार्थियों के लिए

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### वैकल्पिक चिकित्सा शिविर 7 को

» जागरूक जनता @ जयपुर। श्री जगदंबा मातेश्वरी मंदिर समिति नया खेडा अंबाबाड़ी व जय श्री अलटरनेटिव हेल्थ केयर के भवानी सिंह बाँकावत (एम.डी.ए सी यु.) के तत्वावधान में मन्दिर परिसर में 7 जुलाई (रविवार) को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वैकल्पिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। मन्दिर समिति अध्यक्ष भवर सिंह व सचिव नवरतन सिंह ने बताया कि इस शिविर में सभी प्रकार के इलाज जैसे साइटिका सरर्वाइकल घुटनों का दर्द लकवा जोड़ों का दर्द कंधे का दर्द इत्यादि सभी प्रकार के दर्द का निदान किया जाएगा।भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मुकुल सिंह साँचोरा ने कहा कि इससे जगदम्बा कॉलोनी व आस पास के अधिक से अधिक लाभार्थियों को सेवा देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

### प्रथम कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु पूर्व की भांति 5 वर्ष करने हेतु सौंपा ज्ञापन

» जागरूक जनता @ बीकानेर। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा बीकानेर द्वारा प्रान्तीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिला कलेक्टर के मार्फत शिक्षा मंत्री को कक्षा प्रथम में प्रवेश की न्यूनतम आयु पूर्व की भांति पाँच वर्ष करने के लिए ज्ञापन सौंपकर सरकार के इस प्रतिगामी निर्णय को निरस्त करने की मांग की गई है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र भाटी ने बताया कि सरकार के इस आदेश से राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा में नामाकंन पर संकट के बादल मंडरा रहे है जिससे सार्वजनिक शिक्षा को सबसे ज्यादा खतरा है। जिलामंत्री महेन्द्रपाल ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में उठाये गये कदम के तहत कक्षा प्रथम में प्रवेश की न्यूनतम आयु छह वर्ष कर दी गई है जिससे राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा के अस्तित्व पर ही संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे राजकीय विद्यालयों में नामांकन भी घटने की आंशका है और सार्वजनिक शिक्षा का स्तर भी प्रभावित होगा। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश उपसभाध्यक्ष रेवन्तराम गोदारा सहित शिक्षक संघ शेखावत से जुड़े विभिन्न शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# परमवीर अब्दुल हमीद हम सबके आदर्श-डॉ. भागवत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




धामूपुर, गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने परमवीर अब्दुल हमीद की जयन्ती के अवसर पर धामूपुर (गाज़ीपुर) में 'मेरे पापा परमवीर' पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में कहा कि अपनी मातृभूमि, प्राचीनकाल से चलती आयी संस्कृति के लिए अपना प्राणोत्सर्ग करने वाले वीर योद्धा परमवीर अब्दुल हमीद हम सबके आदर्श हैं। उनके जीवन का आदर्श हम सबको एक सूत्र में बांधता है। कितना भी विपरीत समय हो, कुछ बातें हैं जो विस्मृत नहीं होतीं, मिटती नहीं हैं और समय आने पर हृदय से प्रकट होती हैं। परमवीर अब्दुल हमीद जी का बलिदान हमारे लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन अपनी मातृभूमि के लिए, राष्ट्र के लिए समर्पित हुआ। और हमारे लिए उदाहरण बन गया। सरसंघचालक जी ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि राष्ट्र जीवन में परमवीर अब्दुल हमीद के समर्पण, देश भक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के भाव का स्मरण कर अपने जीवन में अगर कुछ कमी हो तो उसे प्रति वर्ष सुधारना चाहिए। हम एकदम अच्छे नहीं बन सकते, लेकिन थोड़ा-थोड़ा कर अच्छा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि बलिदानियों की चिताओं पर जो हर वर्ष मेले लगते हैं, उनका यही प्रयोजन होता है।

अपनी मातृभूमि के लिए प्राणों का बलिदान करने वाले वीर योद्धा परमवीर सेनानी अब्दुल हमीद को जीवन पर्यन्त लोग याद करेंगे। बलिदानी अमर हो जाते हैं, उनका बलिदान अपने आप में एक महान कृति है। जीवन जीना है तो उपभोग के लिए नहीं जीना, आनन्द के लिए नहीं जीना, जीवन जीकर उसके अनुभवों के आधार पर इस सृष्टि को बनाने वाले रचनाकार से साक्षात मिलना है। तो ये बहुत कठिन तपश्चर्या है। इसमें कौन सफल होते हैं? ऐसे दो प्रकार के लोग होते हैं। एक वह होता है जो योगी बनकर सतत सक्रिय रहता है, आत्म साधना में एवं लोक सेवा में और दूसरा रण में सत्य के लिए, न्याय के लिए, पराक्रम पूर्वक सीने पर घाव झेलकर अपनी आत्माहुति देने वाला होता है। अपनी मातृभूमि के लिए परमवीर अब्दुल हमीद ने जो पराक्रम कच्छ के रण में किया, अपने आप ही वो उत्तम गति के अधिकारी हो गए हैं। परन्तु उनकी स्मृति सतत जागृत रखना, उस स्मृति को जागृत रखते हुए अपने जीवन को भी इसी प्रकार स्वार्थ को छोड़कर राष्ट्र के लिए लगाना, ये जितने भी दिन, जितने भी वर्ष तथा युगों तक चलाते हैं, उतने युगों तक बलिदानी अमर होते हैं क्योंकि मनुष्य के जीवन की कल्पना यही है।

डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि मनुष्य का विकास पशुओं की तरह केवल अपनी चिंता करना नहीं, मनुष्य जितने ज्यादा लोगों की चिंता करता है, वह उतना ही बड़ा होता है। केवल अपनी चिंता करने वाले को कोई बड़ा नहीं कहता। उन्होंने कहा कि परमवीर अब्दुल हमीद जैसे लोग हमारे सामने उदाहरण हैं। एकाएक नहीं होता। जवान देश की सीमा पर लड़ते हैं। लड़ाई में गोली आ गई, लग गई, इसलिए मर गए, ऐसा नहीं होता। उन गोलियों के सामने जो आदमी खड़ा है, उसके सामने दो ही विकल्प होते हैं, वो चाहे तो भाग सकता है, लेकिन वह भागता नहीं। वह कहता है दू मुझे सीमा के रक्षण का दायित्व मिला है। इतनी सारी गोलियां चल रहीं, पता नहीं किस गोली पर मेरा नाम लिखा होगा। लेकिन मुझे भागना नहीं है। प्राण देकर भी रक्षा करनी है, क्योंकि यह भूमि मेरी मातृभूमि है। इस भूमि में रहने वाले सब अपने भाई-बहन हैं, मैं उनके लिए जीता हूं, मरना है तो उनके लिए मरूंगा। अपने लिए जीना नहीं, अपने लिए मरना नहीं, ये मन बना होता है सैनिक का।

डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि भारत की सेना के सैनिक अपने वेतन के लिए नहीं लड़ते, वे अपने देश के लिए लड़ते हैं। इसलिए उनका उदाहरण होता है। देश के लिए जिये और देश के लिए बलिदान दिया। जीवन ऐसा होना चाहिए जो हमारे लिए अनुकरणीय उदाहरण बने। हम इसीलिए उनका स्मरण करते हैं। इससे पूर्व सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने परमवीर अब्दुल हमीद एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. रसूलन बीबी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर नमन किया। तदोपरान्त उनके जीवन पर आधारित 'मेरे पापा परमवीर' नामक पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. जैनुल हसन से बातचीत के आधार पर डॉ. रामचंद्रन श्रीनिवासन ने पुस्तक का लेखन किया है। मंच पर कैप्टन मकसूद गाज़ीपुरी एवं परमवीर अब्दुल हमीद के ज्येष्ठ पुत्र जैनुल हसन उपस्थित थे।

# मेहंदीपुर बालाजी से पंजाब की कुख्यात गैंग का गुर्गा दबोचा

## बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दौसा। पंजाब के गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गिरोह का एक आरोपी मेहंदीपुर बालाजी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। तलाशी में उसके बैग से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी मेहंदीपुर बालाजी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गैंग का एक बदमाश हथियारों के साथ किसी वारदात की फिराक में मेहंदीपुर बालाजी में आया हुआ है। इस पर एएसआई शीशराम आर्य के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना किया गया। जहां हेलीपेड की तरफ सुनसान जगह पर बैग के साथ एक जना खड़ा नजर आया।

### पुलिस को देख भागने की कोशिश

पुलिस को देखकर वह मौके से भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी जशनप्रीत सिंह पुत्र सरदुल सिंह निवासी गुरु की बडाली अमृतसर को दबोच लिया। बैग से 4 अवैध पिस्टल, 6 मैगजीन और 18 जिंदा कारतूस बरामद किए।

### गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का गुर्गा है आरोपी

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का गुर्गा है। गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया और लॉरेंस विश्नोई दोस्त थे, लेकिन अब ये दोनों गैंग अलग होकर काम करती है। पुलिस टीम में एएसआई शीशराम सहित कांस्टेबल जितेंद्र चौधरी, ओमेंद्र शर्मा और जितेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## जीनगर समाज केकड़ी के चुनाव हुए संपन्न

# रतन पंवार बने अध्यक्ष और सुरेश चौहान बने महामंत्री





केकड़ी @ जागरूक जनता। जीनगर समाज संस्थान केकड़ी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमे नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद चंदेल द्वारा सर्व सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष पद के लिये सर्वसम्मति से रतनलाल पवार निर्वाचित हुए, महामंत्री सुरेश चौहान, उपाध्यक्ष प्रेमचंद चंदेल, सोभाग मल सिसोदिया, घीसु लाल खाटवा, कोषाध्यक्ष गोविंद चौहान, अंकेक्षण कमल सांखला, व्यवस्थापक नंदकिशोर खाटवा, मीडिया प्रभारी दीपांकुर चौहान, मुख्य संरक्षक भवर लाल चौहान, संरक्षक मंडल में नोरत मल चौहान, गिरधर गोपाल पवार, राधेश्याम सांखला, जानकी लाल निर्वाण, महावीर कच्छावा, कार्यकारिणी सदस्यों में तेजमल पवार, रतनलाल चौहान, रामस्वरूप सोनगरा, विष्णु डाबी, जगदीश टांडेल को बनाया गया कार्यक्रम मे नेमीचंद डाबी, शंकरलाल सिसोदिया, कमल पवार, रतन लाल बोराणा, गोविंद खाटवा, सुरेंद्र चौहान, धनेश चौहान, हिम्मत पंवार, गौतम चौहान, संदीप चौहान, लाभ चंद चौहान, सत्यनारायण खाटवा, रमेश चंदेल व कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

### उद्यानिकी गतिविधियों में किसानों का चयन लॉटरी से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

उदयपुर। राजस्थान में संचालित उद्यानिकी गतिविधियों के लिए किसानों का चयन लॉटरी या रेण्डमाईजेशन विधि से किया जाएगा। उप निदेशक उद्यान डॉ कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत संचालित उद्यानिकी घटकों में जिन किसानों ने राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन किया है, उनका चयन लॉटरी विधि से होगा। इसके लिए उद्यान आयुक्तालय स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है।

## आईआईआरएफ रैंकिंग में सीयूजी को 22वीं रैंक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




गांधीनगर। भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ने देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी की है। गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने रैंकिंग में 22वां स्थान हासिल किया है। यह फ्रेमवर्क देश के शिक्षण संस्थानों को रैंक करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। यह रैंकिंग 7 परफॉर्मेंस इंडिकेटर के आधार पर दी जाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमा शंकर दूबे ने शैक्षणिक गतिविधियों में गुणवत्ता बनाएं रखने और शोध के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने को इसका श्रेय दिया। उन्होंने इस सफलता के लिए विवि के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों के साथ ही कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और हितधारकों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि रैंकिंग में यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट परफॉर्मेंस, रिसर्च और अकादमिक उत्कृष्टता और शिक्षण पद्धतियों समेत सभी इंडिकेटर्स को ध्यान में रखा गया है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने किया मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

# 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित

### जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के 3 लाख 32 हजार से ज्यादा किसानों के चेहरे पर खिली मुस्कान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत प्रथम किश्त के तौर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के 65 लाख 30 हजार 540 पात्र किसानों के बैंक खाते में 653 करोड़ 5 लाख 40 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समारोह का आयोजन हुआ। जिला प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुए समारोह में सैंकड़ों लाभांवित किसानों ने शिरकत की।

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगी। जयपुर जिले के 3 लाख 25 हजार 287 पात्र किसानों के बैंक खाते में 32 करोड़ 52 लाख 87 हजार रुपये तो वहीं, जयपुर ग्रामीण जिले के 7 हजार 664 पात्र किसानों के बैंक खाते में 76 लाख 64 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित (8 हजार रुपये वार्षिक) होने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा 2 हजार रुपये वार्षिक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग सहकारिता विभाग बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अल्का विश्नोई सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सरस डेयरी बूथ पर अब मिलेगा गाय का दूध

जयपुर @ जागरूक जनता। सरस डेयरी उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें सरस छाछ दो नए लेवर में मिलेगी, जिसमें पुदीना का भी स्वाद मिलेगा। उपभोक्ता शुगर फ्री आइसक्रीम भी खरीद पाएंगे। ये प्रोडक्ट सोमवार को लॉन्च होंगे। इसके बाद डेयरी बूथों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**जानें इनके रेट :** जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया कि उपभोक्ता को 250-250 एमएल का तड़का छाछ व पुदीना छाछ का पैकेट 15 रुपए में, गाय के दूध का आधा लीटर का पैकेट 28 रुपए व एक लीटर का पैकेट 56 रुपए में मिलेगा। उपभोक्ता स्ट्रॉबरी, अमरीकन नट्स, वनीला (शुगर फ्री) लेवर आइसक्रीम के 90-90 एमएल के पैक 25-25 रुपए में खरीद सकेंगे।

## भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' के लिए सेना की टुकड़ी थाईलैंड रवाना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री के 13वें संस्करण में शिरकत करने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड रवाना हुई। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने मंगलवार को बताया कि यह अभ्यास एक से 15 जुलाई तक थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में आयोजित किया जा रहा है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर 2019 में मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था।

ANCHOR आंकलन

# चढ़ रही सुस्ती? आधे लोग ज़रूरत जितनी कसरत भी नहीं करते-स्टडी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। कहीं आप भी तो दिनभर फोन में रील्स स्क्रॉल तो नहीं करते। अगर ऐसा है तो आप भी देश के उन 50% अडल्ट में शामिल हैं जो फिजिकली एक्टिव नहीं रहते। वे एक घंटे भी कसरत नहीं करते हैं। अगर फिट रहना चाहते हैं तो एक्टिव तो रहना होगा। 'द सेंट ग्लोवल हेल्थ' की रिपोर्ट में सामने आया कि 2022 में भारत के 50% अडल्ट फिजिकली एक्टिव नहीं थे। पुरुषों के मुकावले भारत की महिलाएं और ज्यादा पीछे हैं। इन 50% लोगों में 42% पुरुष और 57% महिलाएं शामिल हैं। अच्छी सेहत की नज़र से WHO ने हर हफ्ते 150 मिनट मीडियम एक्सरसाइज़ या फिर हर हफ्ते 75 मिनट तेज स्पीड से एक्सरसाइज़ करने को सही बताया है। कोई इससे कम करता है तो वह सेहत के लिए सही नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, देश की आधे से ज्यादा आबादी गाइडलाइन को पूरा नहीं कर पा रही। वैश्विक स्तर पर 60 साल या इससे उम्र के लोगों में फिजिकली एक्टिविटी कम हो रही है।




### .....तो 2030 तक 60% हो जाएंगे अनफिट

स्टडी में कहा गया है कि देश में अपर्याप्त फिजिकली एक्टिविटी जहां साल 2000 में 22% थी, जो 2010 में 34% हो गए। अगर यही हाल रहा तो 2030 तक भारत की करीब 60% आबादी फिजिकली अनफिट हो जाएगी, और 15% सुधार करने का वैश्विक लक्ष्य सपना रह जाएगा। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, फिजिकली एक्टिव न रहने से डायबिटीज़ और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। 2023 में की गई एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में भारत में 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज़ से पीड़ित थे।



# शहर बढ़ा तो कंठ भी बढ़े, बीसलपुर पर दारोमदार



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एक तरफ शहर का विस्तार हो रहा है। दूर-दूर कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर इन कॉलोनियों में रह रहे लाखों लोग बीसलपुर के पानी का इंतजार कर रहे हैं। सीकर रोड और अजमेर रोड से लेकर टोंक रोड पर सर्वाधिक विस्तार हो रहा है। शहर के बीचो-बीच पृथ्वीराज नगर की 1,200 से अधिक कॉलोनियों में भी अब तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। सीकर रोड, अजमेर रोड, कालवाड़ रोड, आगरा रोड, टोंक रोड पर भी 700 से अधिक कॉलोनियों को पानी का इंतजार है। आबादी को देखते हुए जलदाय विभाग ने तीन वर्ष में करीब 80 एमएलडी पानी बढ़ाया भी है लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। तीन वर्ष में करीब 80 एमएलडी पानी बढ़ाया भी है। धड़ाधड़ नई कॉलोनियां बसने से पेयजल आपूर्ति का पूरा भार बीसलपुर बांध पर ही आ रहा है।

### इसलिए हो रही दिक्कत

**नई** कॉलोनियों का नियमन हो रहा है। कुछ जगह बिना नियमन के ही पानी की लाइन बिछाई जा रही हैं। ऐसे में पहले से जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति की जा रही है, वहां की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यही वजह है कि महेश नगर से लेकर मालवीय नगर और वैशाली नगर जैसे इलाकों में पानी की दिक्कत शुरू हो गई है। जयपुर की 40 लाख से अधिक की आबादी पानी के लिए बीसलपुर पर ही निर्भर है। अभी जो हिस्सा बीसलपुर के पानी से अछूता है, वहां पर कुछ लोगों ने अपने स्तर पर बोरिंग कर लीं और बाकायदा जलदाय विभाग की तरह पेयजल लाइन बिछाकर लोगों को पानी उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके लिए प्रति कनेक्शन 250 से 300 रुपए प्रति माह लेते हैं। पृथ्वीराज नगर, खोह नागोरियान, कालवाड़ रोड, सीकर रोड पर लोग निजी स्तर पर बोरिंग कर पानी को बेच रहे हैं। इसके अलावा अजमेर, भीलवाड़ा को भी बीसलपुर बांध से ही प्रतिदिन पानी की सप्लाई हो रही है।

### पुराने इलाकों में भी स्थिति ठीक नहीं

**झोटवाड़ा** में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सांगानेर में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। आगरा रोड के जयसिंहपुरा खोर से लेकर आमेर में भी यही हाल है। कच्ची बस्तियों में भी लोगों को पानी का इंतजार करना पड़ रहा है। परकोटे में तो लोग गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं।

### यह भी जानें

- 155 लीटर प्रतिदिन पानी की जरूरत होती है राजधानी में प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन
- 540 एमएलडी पानी बीसलपुर से आ रहा है प्रतिदिन शहर में

### तीन वर्ष में गर्मियों में ऐसे बढ़ा बीसलपुर से पानी

- इस वर्ष : 540 एमएलडी
- वर्ष 2023-24 : 490 एमएलडी
- वर्ष 2022-23 : 465 एमएलडी

*(जहां पानी की लाइन नहीं, वहां प्रतिदिन 1100 टैंकर पानी पहुंचाया जा रहा है।)*

### ये प्रोजेक्ट देंगे लोगों को पानी

पृथ्वीराज नगर फेज-1 का काम अंतिम चरण में है और द्वितीय चरण में 46 टंकियों का निर्माण कार्य होना है। इन दोनों प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद पीआरएन की कॉलोनियों में रह रहे लोगों को पानी मिल सकेगा। इसी तरह खोह नागोरियान प्रोजेक्ट के तहत एक लाख 20 हजार लोगों को बीसलपुर का पानी सप्लाई हो रहा है और फेज द्वितीय में 60 हजार की आबादी को बीसलपुर का पानी मिलेगा।

## जागरूक खबरें

### मुख्यमंत्री की अपील पर सभी संस्थाओं को दिये "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़ने के निर्देश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव, टी. रविकांत द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रदेशवासियों से की गयी अपील को साकार करने के लिए सभी संस्थाओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व सफल बनाने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही मानसून के दौरान सघन वृक्षारोपण के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा की मियावाकी पद्धति से शहर के अन्दर पार्कों में मास प्लांटेशन करें। वीसी के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों से विभागीय कार्यों तथा गत समीक्षा बैठक के निर्देशों की क्रियान्विति की समीक्षा कर सभी संस्थागत कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश भी दिए।

**विधानसभा बजट सत्र के लिए दिये आवश्यक दिशा–निर्देश–** रविकान्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की विधानसभा प्रश्नों, ध्यानकर्षणों आदि के जवाब अविलम्ब प्रस्तुत करें तथा दैनिक रूप से उठने वाले मुद्दों का जवाब उसी दिन प्रस्तुत करें। संस्थाओं को राजस्व अर्जन बढ़ाने तथा प्राधिकरण/न्यासों को ऑक्शन कैलेण्डर अनुसार ऑक्शन करने तथा इस संबंध में 15 दिवस उपरान्त पुनः समीक्षा के लिए कहा। इस वीसी में लंबित अवमानना प्रकरणों, ई-फाइलिंग, सिटिजन सर्विसेज एंव अन्य विभागीय बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा की सिटीजन सर्विसेज, ई-फाइलिंग एंव राजस्व अर्जन से संबंधित प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों को दिये जायेगें कारण बताओ नोटिस।

#### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित

# कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और जयपुर में बनेगी एयरोसिटी

### किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में खुलेंगे फ्लाइंग स्कूल

### अक्षय ऊर्जा संयत्रों को बढ़ावा देने के लिए

### भूमि आवंटन नियमों में संशोधन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास, बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दृष्टि से नियमों में संशोधन और गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी दी।

### नागरिक विमानन नीति 2024 को मंजूरी

कर्नल राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नागरिक विमानन नीति 2024 को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने बताया कि यह नीति विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर केन्द्रित है। इसके अंतर्गत किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल खोले जाएंगे और कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर में एयरोसिटी बनाई जाएगी जिसमें होटल, रेस्त्रां सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रदेश के विभिन्न हवाई अड्डों पर कार्गो सुविधा प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत प्रदेश की पुरानी हवाई पट्टियों को मरम्मत कर पुनः उड़ान योग्य बनाया जाएगा।



### गांधी वाटिका अधिनियम समाप्त

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गांधी वाटिका न्यास, जयपुर अधिनियम-2023 को समाप्त करने के लिए विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2023 में लाए गए अधिनियम की विभिन्न धाराओं में उपाध्यक्ष को असीमित वित्तीय शक्तियां दी गई थी। न्यास से संबंधित किसी भी प्रकार की स्थावर सम्पत्ति का विक्रय, बंधक या निपटान करने का अधिकार उपाध्यक्ष को दिया गया था। मनोनीत उपाध्यक्ष को हटाने के संबंध में किसी भी प्रकार का प्रावधान भी उक्त अधिनियम में नहीं किया गया था। ये प्रावधान राज्य हित में नहीं हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गांधी दर्शन संग्रहालय का संचालन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में अन्य विभागों के अधीन संचालित संग्रहालयों का संचालन संबंधित विभाग द्वारा ही किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन एवं प्रशासनिक क्रियान्वयन हेतु गांधी वाटिका न्यास की आवश्यकता नहीं है।

### तीन महाविद्यालयों का नामकरण

उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने बताया कि दानदाताओं को सम्मानित करने एवं प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से चूरू जिले के राजकीय महाविद्यालय, साहवा का नामकरण श्रीमती मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा, बाड़मेर जिले के राजकीय महाविद्यालय, धोरीमन्ना का नामकरण शांति देवी उदयराज गांधी राजकीय महाविद्यालय, धोरीमन्ना एवं बीकानेर जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ का नामकरण राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ करने की स्वीकृति मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई।

### अक्षय ऊर्जा नीति, 2023 के प्रावधानों में संशोधन

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अक्षय ऊर्जा नीति, 2023 एवं राजस्थान भू-राजस्व (अक्षय ऊर्जा पर आधारित विद्युत संयत्रों की स्थापना हेतु राजकीय भूमि का आवंटन) नियम, 2007 के प्रावधानों में संशोधन किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य सरकार की ओर से विद्युत क्षेत्र में करीब सवा दो लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए जा चुके हैं। अब इन संशोधनों से प्रदेश में बिजली क्षेत्र में 2 लाख करोड़ के नए निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उपलब्ध सौर विकिरण का समुचित उपयोग करने हेतु आवंटन नियमों में प्रासंगिक बदलाव किया गया है जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन डीएलसी दर के 7.5 प्रतिशत पर किया जा सकेगा। साथ ही, अब 2 हैक्टेयर भूमि पर एक मेगावाट की दर से सौर ऊर्जा उत्पादन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे राजस्व अर्जन में बढ़ोतरी के साथ निवेश व रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। साथ ही, अक्षय ऊर्जा से उत्पादित विद्युत का अधिकांश भाग राज्य को प्राप्त हो सकेगा।



#### विधान सभा में सर्वदलीय बैठक

# सभी को मिलेगा बराबर मौका नियमों व मर्यादाओं से चलेगा सदन -देवनानी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के द्वितिय सत्र की बैठकें आज से आरम्भ होंगी। इससे पहले मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा में सर्वदलीय बैठक बुलाई। देवनानी की राजस्थान विधान सभा में सदन चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। देवनानी ने सदन को शांतिपूर्ण चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की है।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की आठ करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आये जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार को जन आकांक्षाओं के अनुकूल प्रस्तुत करें, ताकि विधान सभा का नाम रोशन हो सके। देवनानी ने कहा कि विधान सभा सदन नियमों व मर्यादाओं से चलेगा। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों के सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधान सभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की है।

### लंच ब्रेक पर चर्चा

देवनानी ने बैठक में मध्यान्ह भोजन अन्तराल के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया जा सकता है। इससे एक ही समय पर सभी विधायकगण भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुनः सदन में सभी सदस्य कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। देवनानी के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की

### 92 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हुए

अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि प्रथम सत्र के 2054 प्रश्नों में से 92 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गये है। अब 177 प्रश्नों के जवाब आना शेष है। देवनानी ने कहा कि यह शुभ लक्षण है। शेष रहे प्रश्नों के जवाब भी विधान सभा को शीघ्र प्राप्त होने की उम्मीद है। बैठक में तय किया गया कि नया सत्र आरम्भ होने से पहले गत सत्र के सभी प्रश्नों के जवाब विधान सभा को आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए।

### शालीनता से मुद्दे उठायें, सदन में सभी को मिलेगा बोलने का मौका विधान सभा

देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। समय सीमा में ही सदस्य अधिक से अधिक अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये।

### जनहित के मुद्दों पर बहस के लिए आवश्यकता होने पर सदन देर तक भी चलेगा

देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाएँ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं का हल बातचीत से होता है। सदन में समस्याओं के निस्तारण का प्रयास होगा। यहां पर सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा, उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा।

### स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में आती है नवीन गति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी अपनी बात रखने के लिए पक्ष व प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों की भावना एक समान होती है। सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका मिले इसके लिए पूरे प्रयास किये जाएँ। सदस्य भी अपनी बात समय सीमा में रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में नवीन गति आती है।

#### मिलावट के खिलाफ अभियान, अचार फैक्ट्री पर कार्रवाई, इंदौर से लाकर जयपुर में बेचा जा रहा था

# 3200 किलो अचार, मुरब्बा, 1500 किलो नकली घी जब्त

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में मिलावट के? खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में अपेक्स सर्किल के पास श्रीनाथ अचार फेक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा दल द्वारा कार्रवाई की गई। यहां निरीक्षण के दौरान अनेक कमियां पाई गईं। फैक्ट्री में साफ–सफाई की स्थिति असंतोषजनक होने के साथ ही बिना निर्माण तिथि के केमिकल्स पाए गए। फैक्ट्री में आंवला मुरब्बा के 18–18 किलो के 81 टिन तथा लाल मिर्च अचार के 15–15 किलो के 120 टिन मौके पर रखे हुए थे। विक्रेता ने बताया कि इन्हें हाथरस से खरीद कर लाया गया था, परंतु इन पर किसी प्रकार की





कोई निर्माण तिथि, निर्माता का नाम आदि सूचना अंकित नहीं थी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नमूने लेने के पश्चात माल को सीज किया गया।

इसी प्रकार फैक्ट्री में लाल मिर्च पाउडर के 10 बैग मिले, जिनमें 500 किलो लाल मिर्च पाउडर रखा हुआ था, जो अचार बनाने के काम लिया जा रहा था। इस मिर्च पाउडर की गुणवत्ता में कमी का अंदेशा होने पर एक नमूना लेने के पश्चात लाल मिर्च पाउडर को भी सीज किया गया। मौके पर एक प्लास्टिक के ड्रम में लगभग 100 किलो कैर का अचार रखा हुआ था, जिसमें फफूंद लगी हुई थी, इसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया इसके अतिरिक्त मौके से वेजिटेबल सॉस एवं मिक्स अचार का भी एक-एक नमूना जांच हेतु लिया गया, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मिली कमियों पर धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। इसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंधी, रमेश यादव, राजेश नगर और नंदकिशोर कुमावत उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दूसरी बड़ी कार्रवाई में 1500 किलो नकली घी पकड़ा गया। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि गुप्त सूचना पर इंटरसिटी ट्रैवल्स, पोलो विक्ट्री पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश चेजारा एवं श्री रतन गोदारा मौके पर पहुंचे तो पाया कि 1500 किलो नकली घी, जिसकी कीमत 290 रुपए किलो है इंदौर में बनवाकर श्रीराम मिल्क फूड द्वारा जयपुर में झोटवाड़ा रोड स्थित पिंक सिटी टावर में मंगवाया गया था। इसे जयपुर शहर में बेचा जाना था। यह नकली घी ट्रैवल्स बसों से मंगवाया जा रहा था। नकली घी को सीज किया गया है।

श्रीराम मिल्क फूड द्वारा मिल्क क्रीम मदर चॉइस और मिल्क क्रीम के नाम से घी बनाया जा रहा था। श्रीराम मिल्क फॉर डेयरी इंडस्ट्रीज द्वारा इंदौर में घी बनाकर किसी और नाम की फर्म द्वारा झोटवाड़ा में ट्रेवल्स से लाकर बेचा जा रहा था।

## जागरूक खबरें

### चोरों ने दानपात्र से उड़ाई नगदी

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। शहर के नेहरू बाजार में सूचना केन्द्र के पास स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर के दान पात्र से अज्ञात चोर सोमवार रात्रि को ताले तोड़ कर करीब 20 हजार की राशि चुरा कर ले गये। मंदिर सेवक गोपाल वेद ने बताया कि मंगलवार सुबह वे सेवा पूजा के लिए मंदिर पर गये तो उन्होंने मंदिर में रखे दो दान पात्र के ताले टूटे हुए दिखे तथा खुल्ले पैसे नीचे बिखरे पड़े मिले। दान पात्र में रखी राशि करीब 20 हजार की थी। वेद ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट शहर कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई जिस पर पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 263 किलो डोडा पोस्त जब्त

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। गुप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ विरोधी अभियानों के क्रम में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ द्वितीय, तृतीय डिवीजन और पी एंड आई सेल के अधिकारियों ने सुरेश पिता नंदराम निवासी ग्राम टांई, तहसील-निंबाहेड़ा के बाड़ा पर छापा मारा 263 किलो 510 ग्राम अवैध पोस्त बरामद किया। सोमवार मध्य रात्रि में सीबीएन चित्तौड़गढ़ के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर रवाना की गई। गुप्त सूचना के अनुसार मौके पर पहुंचने पर 14 बोरा पोस्ता भूसा बरामद किया गया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, बरामद पोस्ता स्ट्रॉ को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### पीनू मेनारिया बने विप्र सेना संभाग अध्यक्ष

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। विप्र सेना सुप्रिमो सुनील तिवाड़ी, युवा प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रकाश शर्मा की अनुशंसा पर उदयपुर संभाग कार्यकारिणी विस्तार में उदयपुर संभाग युवा अध्यक्ष पद पर पीनू मेनारिया को मनोनीत किया गया। नवमनोनीत संभाग अध्यक्ष मेनारिया ने युवाओं के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर छात्रावास, मातृकुण्डिया में स्थित भगवान श्री परशुराम पेनोरमा का सुदृढ़ीकरण, बड़ीसादड़ी क्षेत्र में भगवान परशुराम सर्किल निर्माण, ईडब्ल्यूएस का अधिकाधिक समाजजनों को लाभ पहुँचाने के साथ ही जिले सहित सम्पूर्ण संभाग में समाज हित में कार्य करते हुए प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने का संकल्प लिया जिससे क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर रवि शर्मा, लोकेश मेनारिया, राजेश जोशी, दीपक व्यास, शुभम सुखवाल, दीपक मेनारिया, प्रवीण शर्मा, गोपाल सुखवाल, वैभव चौबीसा, विनय गौड़, राहुल चाष्टा, अनुराग व्यास, गिरीराज शर्मा, मनोहर चौबीसा, गोविन्द शर्मा, दीपेन्द्र मेनारिया, मोहित आदि ने खुशी जताई।

### जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 4 को होगी जनसुनवाई

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। जनसमस्याओं के निराकरण के लिए 04 जुलाई को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 11.00 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोक सेवाएँ सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा जिले में उपखंड बेगूं की काटूंन्दा, भदेसर एवं कपासन उपखंड की धमाना ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में वीसी के माध्यम से भाग लेंगे। इन पंचायतों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित होगी। समस्त ग्राम पंचायतों में पूर्ववत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को उपखण्ड स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

### विधायक की अनुशंसा पर 40 गांव में ट्यूबवेल व हैंडपंप की स्वीकृति जारी

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या द्वारा क्षेत्र में पेयजल की कमी को देखते हुए प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल से सम्पर्क कर उनसे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में ट्यूबवैल बोर व हैण्डपंप लगाने की मांग की। विधायक आक्या की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में 40 ट्यूबवैल बोर व हैण्डपंप लगाने की स्वीकृति जारी की गई। इस स्वीकृति के तहत ग्राम पंचायत गोपालपुरा, धराणा, धोरड़िया, कंवरजी का खेड़ा, जवासिया, कसाराखेड़ी, सेमलिया, तुम्बड़िया व नारेला में ट्यूबवैल बोर मय सामग्री लगाने की स्वीकृति जारी की गई। इसी क्रम में पंचायत समिति के ग्राम अभयपुर, गलियामाल, धराणा, सियालकुण्ड, ओरड़ी, मोतीबा का गढवाड़ा, रावत का तालाब, पाल, पाल का खेड़ा, फूसरिया, तुम्बड़िया, सुरजना, चौगावड़ी, नारेला, ओडून्द, आंवलहेड़ा, बल्दरखा, घटियावली, माताजी की ओरड़ी, पालका, सियालिया, बस्सी तथा भदेसर पचांयत समिति के ग्राम कन्नौज, अमरपुरा, गुलाबजी का गुढ़ा व पंचदेवला में हैण्डपंप लगाने की स्वीकृती जारी की गई।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव पखवाड़े का समापन

# धर्म परायण शासक थे पृथ्वीराज चौहान-शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



ब्यावर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जबकि अध्यक्षता मेहंदीपुर बालाजी धाम महामंडलेश्वर डॉ नरेश पुरी, विहिप केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, राजसमन्द सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, मगरे क्षेत्र के प्रमुख संत अकलपुरी धूनी महंत नरेशपुरी एवं पाटन गुरुद्वारा के पीठाधीश्वर रामकृष्ण दास महाराज, परियोजना अध्यक्ष छोटू सिंह कानाखेड़ा एवं संगठन के गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर आरएसएस क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। समारोह कार्यक्रम में मंचासीन सम्मानीय अतिथियों का परम्परानुसार स्वागत सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आशापुरा माता धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा परिसर में स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जीवन संदेश हमें मातृभूमि पर न्यौछावर करने की प्रेरणा देता हैं । पृथ्वीराज चौहान धर्म परायण शासक थे।

मुख्य वक्ता निम्बाराम ने कहा कि चीता मेहरात काठात उस सम्राट पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, जिन्होंने आँखे निकाल देने के बाद भी अपना धर्म नहीं बदला, सनातन धर्म के लिए सर्वस्व अर्पित करते हुए हुतात्म हो गए। सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और महाराजा सूरजमल का बलिदान गाथाएं हमें हमारी आने पीढ़ी को बतानी ही चाहिए। डॉ नरेशपुरी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चीता मेहरात मगरा मेरवाड़ा हिन्दू महासभा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 14 नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं मेहरात समाज के सनातनी धर्म योद्धाओं का सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष पूरण सिंह रावत ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव पखवाड़े के दौरान हुए खेल व अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

समापन समारोह कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख लक्ष्मी नारायण, सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा, विहिप विभाग मंत्री नितेश गोयल, विहिप जिलाध्यक्ष सुरेश वैष्णव, संयोजक बीरम सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहें।

# राजीव आवास योजना से हटाये अवैध कब्जे



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। नगर परिषद द्वारा शहर के गांधीनगर क्षेत्र मे बने राजीव आवास योजना मे अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे व्यक्तियो को मौके से हटाया गया। आयुक्त रविन्द्रसिंह यादव ने बताया कि राजीव आवास योजना में रूडसिको द्वारा कुल 480 आवासो का निर्माण किया गया था।

इन आवासो मे कच्ची बस्ती के लोगो को शिफ्ट किया जाना था, किन्तु कई प्रयास करने के बावजूद भी कच्ची बस्ती के लोगो द्वारा इन आवासो मे शिफ्ट नही होने से नगर परिषद द्वारा वर्ष 2019 मे रूडसिको द्वारा इन आवासो को नगर परिषद को स्थानान्तरित कर दिया। नगर परिषद द्वारा इन आवासों मे आवासहीन परिवारो के लिए अफोर्डबल रेन्टल हाउसिंग स्कीम निकाली गई, जिसमे संवेदक द्वारा कार्य नही किये जाने से उक्त आवास खाली पडे थे।

इन खाली आवासो पर अनाधिकृत व्यक्तियो द्वारा अवैध रूप से रहने की शिकायत प्राप्त होने पर परिषद द्वारा अधिशाषी अभियन्ता के नेतृत्व मे तकनीकी अधिकारी एवं अतिक्रमण निरोधक दल की टीम का गठन कर इन आवासो मे अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे लोगो को मौके से हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। नगर परिषद आगामी माह मे इन आवासो को किराये पर देने हेतु विज्ञप्ति जारी की जावेगी, जिसमे पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उक्त आवासो को किराये पर दिया जायेगा, इन आवासो का किराया भी नगर परिषद द्वारा तय किया गया है, जिसमे भूतल आवास का एक माह का किराया 1300 रू. प्रथम तल का 1200 रू. एवं द्वितीय तल का 1000 रू. निर्धारित किया गया है। कार्यवाही के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जितेन्द्र मीणा, सहायक अभियन्ता मुनीर अली, नरेन्द्रसिंह, अतिक्रमण प्रशासनिक अधिकारी रमेश चांवला, अब्दुल वहीद, स्वास्थ्य निरीक्षक नरसीलाल स्वामी सहित होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।

### 150 मकानों से हटाया कब्जा

राजीव आवास योजना के तहत बने मकानों पर कब्जा होने की जानकारी मिल रही थी। गांधीनगर सेक्टर पांच में 3 टॉवर में बनाये गये इन 480 मकानों में से करीब डेढ़ सौ मकानों पर लोगों ने कब्जे कर वहां अपना आशियाना बना लिया। हद तो यह थी कई लोगों ने अवधै रूप से बिजली कनेक्शन भी ले लिये। नगर परिषद ने बिजली कनेक्शन काटते हुए उन्हें खाली कराने की कार्यवाही की। सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से बैठक का आयोजन कर राजीव गांधी आवास योजना में इन मकानों को किराये पर दिये जाने की प्रक्रिया शुरु की थी। इसके बाद जिला कलक्टर आलोक रंजन, एडीएम राकेश कुमार और आयुक्त रविन्द्र यादव आदि ने मौका मुआयना किया था। तभी पता लगा कि इनमें करीब डेढ़ सौ मकानों पर कब्जे हो चुके है। प्रशासन की ओर से मकानों को खाली कराने की हिदायत दी और खाली नहीं करने पर नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खाली कराने की कार्यवाही की गई।

# जिले में वृक्षारोपण को लेकर चलेगा अभियान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



चित्तौड़गढ़। पर्यावरण संरक्षण को लेकर राज्य सरकार के हर घर पौधा अभियान के तहत जिले भर में भी विभिन्न संगठनों एवं विभागों द्वारा पौधारोपण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन विभाग द्वारा विभिन्न नर्सरींयों में अनेक प्रजातियों के 9 लाख से अधिक पौधे तैयार किए गए हैं। अभियान को सफल बनाने एवं आवंटित लक्ष्यों की प्रगति सुनिश्चित करने को लेकर जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में समिति कक्ष में औद्योगिक इकाइयों एवं अधिकारियों की अलग-अलग बैठक आयोजित की गई एवं जिले के शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण को लेकर किए गए आवंटन एवं अब तक की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए प्रमुख मार्गो के डिवाइडर तथा विभागों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने तथा वृक्षारोपण को लेकर अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों, सरपंच व ग्राम सेवक आदि का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बैठक में बताया कि वृक्षारोपण अभियान के लिए ऐप भी तैयार किया जा रहा है तथा इसका सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी आयोजित की जाए, जिससे लोग जागरूक हो सके। वन विभाग द्वारा विभिन्न नर्सरियों में 9 लाख से अधिक पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग द्वारा 3 लाख 42 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा अभियान के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रोड साइड, शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में तीन लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा विभिन्न विभागों को भी वृक्षारोपण कर उनके फेंसिंग एवं पानी की सुविधा पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार मंडोवरा, अति कलक्टर राकेश कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, आयुक्त रविन्द्र यादव सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ठग पीड़ित निवेशको ने की बर्ड्स एक्ट लागू करने की मांग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। जिला मुख्यालय पर विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर सांसद भवन जनसुनवाई केंद्र पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न पीड़ित निवेशको ने बताया कि राज्य एवं देश में बर्ड्स एक्ट लागू करने की मांग प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को विभिन्न तहसीलों में एक साथ ज्ञापन दिया गया। पीड़ित निवेशको का कहना है कि वर्ष 2019 में बर्ड्स एक्ट कानून बनाया गया जिसका देश या राज्य में इस कानून में अनियमित जमा योजना के तहत कोई भी कंपनी डूब जाती है या भाग जाती है तो उसका भुगतान लगभग 6 महीने में निवेश कर्ता को मिल जाना चाहिए लेकिन यह कानून अभी लागू नहीं हुआ जिसके तहत इस कानून को लागू कर आम निवेशकों को राहत पहुंचाई जाए। जिले सहित अन्य क्षेत्रों के करोड़ों रुपए इन कंपनियों ने लूट लिए हैं, इन कंपनियों में जैसे सहारा इंडिया, आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, नवजीवन क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी, संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं पल्स इंडिया एमजी राप्ती ग्रुप लिमिटेड रडार इंडिया न्यू इंडिया जैसी कई कंपनियां आम आदमियों का पैसा लेकर भाग चुकी है। आम निवेशकों का क्या कसूर जिन्होंने इसमें अपने उज्जवल भविष्य को देखकर पैसा जमा करवाया लेकिन अभी तक यह कानून राज्य एवं देश में लागू नहीं हुआ है। कानून बना जरूर दिया लेकिन इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है जिसको क्रियान्वित कर आम आदमी को भुगतान दिलाया जाए।

# सोने की शुद्धता और मानकों की जानकारी के लिए चलेगा उपभोक्ता जागृति अभियान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सोने एवं सोने से बने आभूषणों में शुद्धता-मानकों में गड़बड़ी की सूचना एवं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं के सार्वकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री श्री सुमित गोदारा ने भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले विभाग को समन्वय के साथ काम करते हुए राज्य व्यापी उपभोक्ता जागृति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। गोदारा ने कहा कि आम उपभोक्ता सोने की शुद्धता, गुणवत्ता, मानक एवं हॉलमार्किंग से अनभिज्ञ होने के कारण सोने और उससे बने आभूषणों की खरीद में बड़े स्तर पर शोषण का शिकार हो रहा है। इसे रोकने के लिए प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से यथा इलेक्ट्रोनिक, प्रिन्ट-सोशल मीडिया पर व्यापक अभियान चलाया जाना आवश्यक है।

गोदारा के निर्देशों के पश्चात उपभोक्ता मामले विभाग एवं भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है। इसी क्रम में दोनों विभागों के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 09 जुलाई को एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री भास्कर ए सावंत तथा भारतीय मानक ब्यूरो की क्षेत्रीय निदेशक कनिका कालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत सरकार ने सोने के आभूषणों पर वर्ष 2021 से हॉलमार्क लागू कर दिया है। इससे हॉलमार्क किये हुए आभूषण ही जेवरातियों द्वारा बेचे जा सकते हैं। हॉलमार्किंग शुद्धता की गारंटी देता है। प्रमुख शासन सचिव श्री भास्कर ए सावंत ने जानकारी देते हुए बताया कि हॉलमार्किंग वाले आभूषणों को खरीदते समय भारतीय मानक ब्यूरो का लोगो और केरेट के साथ 06 अंको का अल्फान्यूमेरिक कोड अवश्य जांचे। भारतीय मानक ब्यूरो की निदेशक, कालिया ने बताया कि उपभोक्ता स्वर्ण आभूषण खरीदते समय बीआईएस के रजिस्ट्रेशन की जांच करने के साथ उसका पक्का बिल अवश्य लें। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सोने की शुद्धता की जांच किये जाने हेतु राज्य में 92 हॉलमार्किंग सेन्टर है। उन्होंने यह भी बताया कि आम उपभोक्ता बीआईएएस केयरएप के माध्यम से HUID का उपयोग करते हुए हॉलमार्क वाली ज्वैलरी की प्रमाणिकता जांच सकते है और Complaints का उपयोग करते हुए गड़बड़ी की शिकायत कर सकते है।

कानूनी प्रावधानों के संबंध में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो सम्मानजनक व्यवहार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की ओर से मंगलवार को कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने हेतु आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान निगम स्तर पर कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और परितोष) अधिनियम 2013 की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि महिला कार्मिक इस अधिनियम के तहत किस तरह लैंगिक उत्पीड़न को लेकर कानूनी प्रावधानों के तहत अपना बचाव एवं कार्रवाई कर सकती हैं। कार्यशाला में पुरूष कार्मिकों को इस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं के साथ सम्मानजनक एवं शोभनीय व्यवहार किए जाने की अपेक्षा की गई। कार्यशाला में बताया गया कि महिला कार्मिक समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं, अतः कार्यस्थल पर उनके साथ उचित एवं सम्मानजनक व्यवहार हम सबकी जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि इस कानून का उद्देश्य महिलाओं के लिए काम कार्य स्थल का माहौल सुरक्षित बनाकर उन्हें रोज़गार के समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह कानून यौन उत्पीड़न की रोकथाम, उसके पूरी तरह से खात्मे और शिकायत के समुचित समाधान पर ज़ोर देता है।

कार्यशाला में विशेषाधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह, कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास एवं डॉ. प्रमिला संजया एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हिन्दू विरोधी बयान के बाद भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



जयपुर। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आज कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेताओं से माफी मांगने की मांग की।

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक बताया और हिन्दुओं का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी की ओर से एक समुदाय विशेष के लोगों के लिए हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिन्दुओं के खिलाफ दिए गए इस बयान को वापस लेते हुए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी हाय हाय, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं, राहुल गांधी माफी मांगों जैसे नारे लगाए। इस दौरान जयपुर शहर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी, विक्रम चौधरी, कमल स्वामी, भुवनेश गुप्ता, भीमराज मीणा, सूरज घोड़ीवाला भरत सिंह, राजवीर राठौड, विजेंद्र महावा, अमित चौधरी, अर्पित शर्मा, पवन शर्मा, दीपक शर्मा, लोहित सिंह, आशीष शर्मा, हर्षित तिवाड़ी सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सा केन्द्रों पर किया वृक्षारोपण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेशअध्यक्ष के जन्मदिवस पर सम्पूर्ण राजस्थान के चिकित्सा केन्द्रो पर हुआ सफल वृक्षारोपण। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार के जन्मदिवस पर सम्पूर्ण राजस्थान मे एसोसिएशन के बैनरतले 1001 पौधे लगाकर प्रकृति पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया गया आज अपने जन्मदिवस पर नर्सेज समाज व प्रदेश के आम नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया राजधानी जयपुर मे निदेशालय, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, SMS चिकित्सालय, जे के लोन चिकित्सालय , जयपुरिया चिकित्सालय RUHS नर्सिंग कॉलेज शिफ्रू, एवं विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया गया आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थय के निदेशक राकेश शर्मा, RNC रजिस्टॉर भारती, ज्वाइन डायरेक्टर संजय सक्सेना, SMS नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा पूर्व रजिस्टॉर शशिकान्त शर्मा, प्रिंसिपल RUHS मदन मोहन मीणा, प्रांतीय सयोजक जीतेन्द्र कटारा, संघर्ष समिति अध्यक्ष सोम सिंह मीणा कार्यकारी अध्यक्ष समोल कुमारी, सयोजक मनोज मीणा जिला अध्यक्ष आशीष भारद्वाज राजकुमार तिवारी नर्सेज भर्ती 2023 के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम चौधरी, सयोजक शंकर गुर्जर, प्रदीप मीणा पवन बाकोलिया,राजेश गुर्जर, विजय मीणा एवं नर्सेज नेता मौजूद रहे।

### सीए ब्रांच ने धूमधाम से मनाया सीए डे

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। सीए ब्रांच पर राष्ट्रीय सीए डे मनाया गया। योगेश काबरा ने बताया कि सीए इंस्टिट्यूट हर वर्ष 1 जुलाई को अपना फाउंडेशन डे मनाती है। इस उपलक्ष्य में ब्रांच परिसर में ब्लड डोनेशन एंड मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चंद्र भान सिंह आक्या, अन्य अतिथि आयकर अधिकारी दिनेश नुवाल, बिरला सीमेंट यूनिट हेड देवेश मिश्रा, हॉस्पिटल इंचार्ज राहुल सेठी थे। नितेश सेठिया ने ब्रांच परिसर में इंस्टिट्यूट के झंडे का ध्वजारोहन किया। मुख्य अतिथि विधायक आक्या ने कहा कि सीए अपनी अलग पहचान रखते है एवं विशेषकर चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा के सीए की भारतवर्ष में अलग ही पहचान है। देश की इकोमोनी के डेवलपमेंट में सीए का विशेष योगदान है। बिरला सीमेंट यूनिट हेड मिश्रा ने सीए दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए बिरला हॉस्पिटल के साथ सीए ब्रांच का एकअनुबंध भी किया जिसमे चित्तौड़गढ़ के सीए उनके परिवारजन एवं माता पिता को मेडिकल सुविधाओं पर हॉस्पिटल में सभी तरह का मेडिकल सपोर्ट दिया जायेगा एवं विशेष छूट प्रदान की जाएगी।